दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 270 | जयपुर | रविवार, 03 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-नवमीं संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## संक्षिप्त समाचार

### शिवलिंग पर बिच्छू' टिप्पणी मामले में थरूर को राहत

**सुप्रीम कोर्ट बोला- प्रशासक और जज एक जैसे, दोनों की चमड़ी मोटी; 2018 का है मामला**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी के मामले सांसद शशि थरूर को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा- थरूर के खिलाफ चल रही मानहानि की कार्रवाई पर रोक को आगे बढ़ाया गया है। सुनवाई 15 सितंबर तक टाली गई है। शिकायतकर्ता और भाजपा नेता राजीव बब्बर ने गैर-सामान्य दिन पर सुनवाई की मांग की। इस पर जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन दौरान सिंह की बेंच ने कहा- इतना संवेदनशील क्यों हो रहे हैं? बेंच ने कहा... आइए हम सब इन चीजों को बंद कर दें। एक तरह से प्रशासक और न्यायाधीश एक ही समूह में आते हैं। उनकी चमड़ी मोटी होती है, ऐसी चीजों से कोई फर्क नहीं पड़ता। थरूर ने शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी 2018 में एक कार्यक्रम के दौरान की थी। वे बेंगलुरु में लिटरेचर फेस्टिवल में शामिल हुए थे। अपनी किताब द पेराडॉक्सियल प्राइम मिनिस्टर के बारे में चर्चा की थी।

एक पत्रकार के वाल पर उन्होंने कहा था- नरेंद्र मोदी आरएसएस के लिए शिवलिंग पर बैठे उस बिच्छू की तरह हैं , जिसे न हाथ से हटाया जा सकता है और न ही चप्पल से मारा जा सकता है। अगर हाथ से हटाया तो बुरी तरह से काट लेगा। उन्होंने कहा था कि मोदी का मौजूदा व्यक्तित्व उनके समकक्षों के लिए निराशा का विषय बन गया है।

### आईआईटी बॉम्बे में फाइनल ईयर के स्टूडेंट ने सुसाइड किया

**हॉस्टल की छत से छलांग लगाई; एक साल में 7 आईआईटी में 14 सुसाइड**

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बॉम्बे के 22 साल के स्टूडेंट ने पवई स्थित हॉस्टल की छत से कूदकर सुसाइड कर लिया। स्टूडेंट का नाम रोहित सिन्हा था और वह दिल्ली का रहने वाला था। वह आईआईटी बॉम्बे में मेटा साइंस के फाइनल ईयर का स्टूडेंट था। घटना शनिवार रात की है। जब रोहित ने हॉस्टल की 10वीं मंजिल से रात करीब 2:30 बजे छलांग लगाई। उसी समय हॉस्टल में ही रहने वाला एक अन्य स्टूडेंट छत पर मोबाइल पर बात कर रहा था। इसके बाद अन्य छात्रों की मदद से रोहित को हीरानंदानी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने बताया कि रोहित के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक को मोबाइल फोन खंगाला जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी उसके बारे में जांच कर सुसाइड के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक छात्र के परिजनों और दोस्तों से भी बात की जा रही है, ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने मामले में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### दिल्ली भगदड़-रेल मंत्री बोले, सामान गिरने से हादसा हुआ था

**बयान में भगदड़ शब्द नहीं; आरपीएफ ने गलत अनाउंसमेंट को बताई थी वजह**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एक पैसेंजर के सिर पर रखा सामान गिरने से 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ हुई थी। सामान गिरने से यात्री सीढ़ियों पर गिर पड़े थे।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के प्रश्न पर यह लिखित उत्तर दिया। हालांकि, उन्होंने शुक्रवार को राज्यसभा में दिए अपने जवाब में भगदड़ शब्द का इस्तेमाल नहीं किया।

15 फरवरी को महाकुंभ में शामिल होने प्रयागराज जाने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ थी। इस दौरान हुई भगदड़ में 18 लोगों की जान गई थी जबकि 15 लोग घायल हुए थे। हादसे के कुछ दिन बाद रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि प्रयागराज जाने वाली कुंभ स्पेशल ट्रेन के प्लेटफॉर्म बदलने के अनाउंसमेंट से हादसा हुआ।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी

## वागड़ क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार ने उठाए महत्वपूर्ण कदम : सीएम शर्मा










बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम के तहत पीएम-किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। उन्होंने देशभर के 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को 20 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने वाराणसी से देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनकी वाराणसी की पहली यात्रा है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रेल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उन्होंने इस त्रासदी से प्रभावित परिवारों, विशेषकर बच्चों और बेटियों के दु:ख को भी साझा किया। उन्होंने बताया कि उस दौरान उन्होंने बाबा विश्वनाथ से सभी शोक संतप्त परिवारों को यह कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बेटियों के सिंदूर का बदला लेने का उनका वादा पूरा हुआ है। यह भगवान महादेव के आशीर्वाद से ही संभव हुआ है और उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को भगवान महादेव के चरणों में समर्पित किया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की एकता ऑपरेशन सिंदूर की ताकत बनी।

मोदी ने पीएम-किसान सम्मान निधि योजना का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने पिछली सरकारों से इसकी तुलना करते हुए कहा कि उस समय किसानों के नाम पर की गई एक भी घोषणा शायद ही कभी पूरी हुई हो। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अपने वादों को पूरा करती है। उन्होंने पीएम-किसान सम्मान निधि को सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। मोदी ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को स्वीकृति दी है। इस योजना के लिए 24 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। इस पहल का ध्यान उन जिलों पर होगा जो पिछली सरकारों की दोषपूर्ण नीतियों के कारण पिछड़ गए थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों के जीवन में बदलाव लाने, उनकी आय बढ़ाने और खेती की लागत कम करने के लिए पूरी ताकत से काम कर रही है। हम बीज से लेकर बाजार तक किसानों के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए देश भर में लाखों करोड़ रुपये की सिंचाई योजनाएं लागू की जा रही हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भी शुरू की है। इस योजना के तहत किसानों को अब तक 1.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक के दावों का निपटान प्राप्त हो चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। चावल और गेहूं जैसी प्रमुख खाद्यान्नों सहित अन्य फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में रिकॉर्ड वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि किसानों की फसलों की सुरक्षा के लिए सरकार देशभर में हजारों नए गोदामों का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी अभियान का लक्ष्य पूरे भारत में तीन करोड़ लखपति दीदियां बनाना है। डेढ़ करोड़ से ज्यादा महिलाएं यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ड्रोन दीदी पहल ने लाखों महिलाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है।

## काशी में पीएम मोदी बोले

# सिंदूर के बदले का वचन पूरा

**टैरिफ वॉर के बीच कहा- वही खरीदेंगे-बेचेंगे जिसे बनाने में भारतीय का पसीना बहा**




बढ़ता राजस्थान

**वाराणसी ( एजेंसी )।** पीएम नरेंद्र मोदी ने काशी में कहा- मैंने बेटियों के सिंदूर का बदला लेने के लिए जो वचन दिया था, वो पूरा हो गया। ये महादेव के आशीर्वाद से ही पूरा हुआ। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं। अगर पाकिस्तान ने फिर कोई पाप किया तो हमारी मिसाइलें आतंकियों को तबाह कर देंगीं।

उन्होंने कहा- भारत पर वार करने वाला दुश्मन पाताल में भी नहीं बचेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के स्वेदशी हथियारों की ताकत पूरी दुनिया ने देखीं। ड्रोन, मिसाइलें, एयर डिफेंस ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत को साबित किया है। पाकिस्तान में तो इतना खौफ है कि ब्रह्मोस की आवाज भी आ जाए तो पाकिस्तान को नींद नहीं आती है।

पीएम ने अमेरिका का बिना नाम लिए टैरिफ पर भी बयान दिया। कहा- हम उन चीजों को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है।

हमें वोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि मेक इन इंडिया प्रोडक्ट को बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो भी नया सामान आया, वो स्वदेशी ही होगा। ये जिम्मेदारी हर नागरिक को ही लेनी होगी। मैं दुकानदार भाइयों से आग्रह करता हूं, जब दुनिया इस तरह की अस्थिरता से गुजर रही है तो हम सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे। पीएम ने 54 मिनट तक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने काशी में 2,200 करोड़ रुपए के 52 प्रोजेक्ट लॉन्च किए। साथ ही देशभर के किसानों के लिए सम्मान निधि की 20वीं किस्त के 20,500 करोड़ रुपए जारी किए। यह मोदी का प्रधानमंत्री रहते 51वां और तीसरे कार्यकाल में तीसरा दौरा है।



### पीएम की 5 बड़ी बातें-

1. **कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा**

   कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा है। क्या सिंदूर को कोई तमाशा कह सकता है। हमारी सेना का पराक्रम और बहनों के सिंदूर का बदला... तमाशा कहने की ये हिम्मत...ये निर्लज्जता...वोट बैंक और तुष्टीकरण की इस राजनीति में सपा भी पीछे नहीं है। सपा के नेता संसद में कह रहे थे कि पहलगाम के आतंकियों को अभी क्यों मारा? अब बताइए, मैं फोन करके इनसे पूछूं। ये वही लोग हैं जब यूपी में सत्ता में थे तो आतंकियों को क्लीनचिट देते थे। बम धमाके करने वालों से मुकदमे वापस लेते थे।

2. **ये नया भारत, दुश्मनों के लिए काल भैरव बन जाता है**

   मैं काशी की धरती से कहना चाहता हूं। ये नया भारत है। भोलेनाथ को भी पूजता है। दुश्मनों के सामने काल भैरव भी बन जाता है। विरोधी संसद में कह रहे थे कि पहलगाम के आतंकियों को क्यों मारा? क्या सपा वालों को फोन करूं क्या? क्या आतंकियों को भागने का मौका देना चाहिए था?

3. **कांग्रेस-सपा वाले आतंकियों की हालत देखकर रोते हैं...**

   पाकिस्तान के कई सारे एयरबेस आज भी आईसीयू में पड़े हैं। पाकिस्तान दुखी है। ये तो सब कोई समझ सकता है, लेकिन पाकिस्तान का ये दुख सपा और कांग्रेस से सहन नहीं हो रहा। उधर, आतंक का आका रोता है। इधर कांग्रेस-सपा वाले आतंकियों की हालत देखकर रोते हैं। कांग्रेस हमारी सेनाओं के पराक्रम का लगातार अपमान कर रही है।

4. **लखपति दीदी का आंकड़ा सुनकर सपा वाले साइकिल लेकर भाग जाएंगे**

   मोदी ने कहा-हमारा देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। अब तक डेढ़ करोड़ से ज्यादा लखपति दीदी बन चुकी हैं। लक्ष्य का आधा काम पूरा कर लिया। ये आंकड़ा सुनकर सपा वाले साइकिल लेकर भाग जाएंगे। सरकार के ड्रोन दीदी अभियान ने लाखों लोगों की आय बढ़ाई है।

5. **पाकिस्तान ने फिर पाप किया तो मिसाइलें आतंकियों को तबाह करेंगी**

   अगर पाकिस्तान ने फिर कोई पाप किया तो यूपी में बनी मिसाइलें आतंकियों को तबाह कर देंगीं। आज यूपी इतनी तेजी से विकास कर रहा है। सपा के समय में यूपी में अपराधी बेखौफ थे। निवेशक यूपी आने से डरते थे। भाजपा की सरकार में अपराधियों में खौफ है। आज निवेशक यूपी में भरोसा देख रहे हैं।

## भारत का इलेक्शन सिस्टम मर चुका है, सीटों पर धांधली, तभी मोदी पीएम बने : राहुल गांधी

**राजनाथ बोले- अगर सबूतों का एटम बम है तो फोड़ दें**

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राहुल गांधी ने पिछले 10 दिनों में तीसरी बार इलेक्शन कमीशन पर निशाना साधा है। राहुल ने शनिवार को कहा, भारत का इलेक्शन सिस्टम मर चुका है। हम आने वाले कुछ दिनों में आपको साबित कर देंगे कि लोकसभा चुनाव में कैसे धांधली हो सकती है और हुई भी। भारत के पीएम के पास बहुत कम बहुमत है। अगर 10-15 सीटों पर भी धांधली न होती तो वे भारत के प्रधानमंत्री भी नहीं होते। राहुल ने ये बातें दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एनुअल लीगल कॉन्क्लेव- 2025 में कहीं। इससे पहले राहुल ने 1 अगस्त को कहा था कि, चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है। हमारे पास एटम बम है। जब फटेगा तो चुनाव आयोग बचेगा नहीं। राहुल के इस बयान का रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को जवाब दिया। राजनाथ बोले- अगर आपके पास परमाणु बम है तो उसे फोड़ दें। हां इतना ख्याल रखें कि आप सुरक्षित रहें।

**राहुल की स्पीच, 4 आरोप लगाए**

- 2014 से ही मुझे इलेक्शन सिस्टम पर संदेह रहा है। भाजपा का इतनी बड़ी जीत हासिल करना आश्चर्यजनक था। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह सकता था, लेकिन अब मैं बिना किसी संदेह के कहता हूं कि हमारे पास सबूत हैं।
- **लोकसभा** में, हम चुनाव जीते। और फिर चार महीने बाद, हम न केवल हारे, बल्कि पूरी तरह से खत्म हो गए। हमने पाया कि महाराष्ट्र में, लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। इनमें से ज्यादातर वोट भाजपा को जाते हैं।
- **संविधान** की रक्षा करने वाली संस्था को मिटाकर उस पर कब्जा कर लिया गया है। हमारे पास ऐसे सबूत हैं जो पूरे देश को दिखा देंगे कि चुनाव आयोग जैसी संस्था का कोई अस्तित्व ही नहीं है। यह गायब हो गई है।

## इंडिगो फ्लाइट में जिस युवक को थप्पड़ पड़ा, वो लापता

**परिवार बोला- उसका फोन भी बंद**

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** इंडिगो की मुंबई-कोलकाता फ्लाइट 6ई-2387 में पैनिक अटैक आने पर जिस शख्स को उसके साथी यात्री ने चांटा मारा था, अब वो शख्स लापता है। मुंबई के होटल में काम करने वाला हुसैन अहमद मजूमदार (32) कोलकाता आ रहा था। उसका परिवार असम के सिलचर में रहता है।

परिवार के मुताबिक हुसैन को 31 जुलाई को सिलचर पहुंचना था, लेकिन वो नहीं आया। हमने कॉल किया तो उसका नंबर भी बंद आया। अगले दिन हम सिलचर एयरपोर्ट पहुंचे, लेकिन हुसैन की जानकारी नहीं मिली। परिवार का आरोप है कि न तो इंडिगो और न ही सिलचर एयरपोर्ट हुसैन की जानकारी दे रहे हैं। बाद में हमें हुसैन के साथ प्लेन में हुई मारपीट का वीडियो मिला।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# खाद की किल्लत: प्रागपुरा जीएसएस कार्यालय पहुंची यूरिया खाद की गाड़ी, डेढ़ घंटे में खाली

## पुलिस प्रशासन की निगरानी में हुआ वितरण, दर्जनों किसान निराश लौटे

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** शनिवार दोपहर बाद प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति कार्यालय पर यूरिया खाद की गाड़ी आई, तो किसानों की लंबी लाइन लग गई। क्षेत्र में बारिश होते ही यूरिया की मांग बढ़ गई है, जिसकी वजह से गाड़ी की खबर सुनकर किसान खाद बिक्री केंद्र पर पहुंचने शुरू हो जाते हैं। खाद का वितरण शाम करीब 3 बजे से शुरू हुआ और 04:30 बजे तक पूरा स्टॉक खत्म हो गया। गाड़ी की भनक लगते ही मौके पर बड़ी संख्या में किसानों की भीड़ जमा हो गई। जिन्हें देखकर समिति के कर्मचारी घबरा गए और पुलिस थाने पहुंचे। वहां से टोकन बनाकर किसानों को लाइन में लगवाया गया। फिर एक-एक कट्टा वितरण शुरू हुआ।

करीब 30 किसानों ने पैसे जमा कर टोकन ले लिए थे लेकिन खाद नहीं मिला। उन्हें पैसे लौटाने पड़े। जिससे दर्जनों किसान निराश होकर वापस लौट गए। प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि गाड़ी में करीब 900 खाद के कट्टे आये थे लेकिन कार्यालय पर खाद की सीमित उपलब्धता और किसानों की अधिक भीड़ के कारण महज डेढ़ घंटे में गाड़ी खाली हो गई। शेखावत ने बताया कि खाद की बढ़ती डिमांड को लेकर अधिकारियों से लगातार सम्पर्क कर किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध करने के भरपूर प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्य कार्यकारी कैलाश चंद स्वामी ने बताया कि खाद केंद्र पर किसानों की अधिक भीड़ के कारण एक आधार कार्ड से केवल दो बैग यूरिया के दिए गए हैं। इस दौरान सहायक रजिस्ट्रार अशोक कुमार, कृषि विभाग से गिरधारी लाल गुर्जर, पर्यवेक्षक राजेश यादव, व्यवस्थापक कैलाश स्वामी, कृषि पर्यवेक्षक जीतू यादव, आनंद सिंह, नरेश सैनी, रामकरण सैनी, प्रेम प्रकाश सैनी, सरदार सिंह सैनी, गोकुल चन्द, घीसाराम मीणा, श्यामसुन्दर चावला, दौलतराम सैनी, गोपाल सैनी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।



# दलितों पर अत्याचार - नहीं सहेगा राजस्थान का नारा मिथ्या

## भाजपा की भ्रष्ट व्यवस्था से छुटकारा पाने के लिए कांग्रेस को वोट दें : इंद्राज गुर्जर

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** प्रदेश कांग्रेस महासचिव व पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा पालिका क्षेत्र के प्रागपुरा कस्बे निवासी महावीर चावला को नगरपालिका प्रशासन द्वारा दिए गए नोटिस को लेकर भारतीय जनता पार्टी को आड़े हाथों लिया है। गुर्जर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर जुबानी हमला बोलते हुए लिखा है की %दलितों पर अत्याचार - नहीं सहेगा राजस्थान% का नारा देने वाली बीजेपी सरकार कहां गई? प्रदेश कांग्रेस महासचिव व पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि महावीर चावला एक दलित समाज से आने वाले बीजेपी कार्यकर्ता हैं जो पेशे से पंचायतराज में ठेकेदार हैं। उन्होंने पिछले साल पावटा पंचायत समिति में टेंडर खोलने में हुए भ्रष्टाचार का पर्दाफाश किया था, जिसके बाद सत्ता के नजदीकी लोगों ने उनकी पिटाई कर दी और उनका एक पैर तोड़ दिया था। इस मामले में प्रागपुरा थाने में मुकदमा दर्ज है। अब नगरपालिका प्रशासन ने महावीर चावला को नोटिस दिया है जिसमें कहा गया है कि उन्होंने मंदिर माफी की जमीन पर मकान बना रखा है। जबकि महावीर चावला का कहना है कि यह उनका पुस्तैनी मकान है और लगभग 40 साल पहले का बना हुआ है। इंद्राज गुर्जर ने आरोप लगाया है कि सत्ता में बैठे लोग आमजन को परेशान कर रहे हैं और अब कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं सहित बीजेपी के कार्यकर्ताओं को भी परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह विराटनगर की जनता के साथ हैं और हर अन्याय के खिलाफ सत्ता से टकराएंगे। इंद्राज गुर्जर ने विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे आगामी समय में भाजपा की भ्रष्ट व्यवस्था से छुटकारा पाने के लिए कांग्रेस को वोट देकर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि इससे भाजपा की तानाशाही खत्म होगी और जनता को न्याय मिलेगा। इंद्राज गुर्जर ने सवाल उठाया है कि क्या बीजेपी की दलितों के प्रति यही नीति है? क्या आपके बड़े नेताओं का दलित प्रेम दिखावा है? उन्होंने कहा कि सत्तासीन लोगों को पता नहीं है कि एक गरीब आदमी कैसे अपना घर बनाता है और आप उसे बेघर करना चाहते हैं।

# वीरेंद्र भारद्वाज नर्सिंग अधीक्षक पद से सेवानिवृत्त

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** राजकीय जिला चिकित्सालय में नर्सिंग अधीक्षक पद पर कार्यरत श्री वीरेंद्र भारद्वाज आज 31 जुलाई 2025 विधिवत रूप से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक एवं नर्सिंग अधिकारीगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र गुप्ता ने श्री भारद्वाज का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। साथ ही सेवानिवृत्त अधिकारी के सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।इस समारोह में डॉ. आर.पी. शर्मा, डॉ. बृजेश चौधरी, डॉ. रामराज मीना, कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक श्री ओमीलाल गॉड सहित सीनियर नर्सिंग ऑफिसर उपेन्द्र कुमार गुप्ता, लक्ष्मीकांत शर्मा, नारायण शर्मा, हेम चतुर्वेदी, भगवान सहाय मीणा, अखिलेश मंगल, राकेश मंगल आदि शामिल रहे।नर्सिंग ऑफिसर्स मंजू शर्मा, सीमा सांवरिया, अंकित सैनी, जयमाला कोहली, सूर्य प्रकाश शर्मा, धनराज अवस्थी सहित कई अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने श्री भारद्वाज को तिलक चंदन व माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी और उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

# शिविर में बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी




बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** राजस्थान ग्रामीण बैंक कालवास एवं वित्तीय साक्षरता केंद्र तारानगर के संयुक्त तत्वाधान में धीरवास छोटा में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में असिस्टेंट मैनेजर विजय कुमार ने साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए बताया की किसी भी प्रकार की ठगी, फोन पर धमकाने, ब्लैक मेल, डिजिटल अरेस्ट की शिकायत 1930 पर तुरंत दर्ज करवानी चाहिए ताकि आर्थिक नुकसान से बचा जा सकें। उन्होंने कहा कि कभी भी सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी शेयर नहीं करनी चाहिए। अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। वित्तीय साक्षरता केंद्र तारानगर के सेंटर मेनेजर दलजीत सिंह ने अटल पेंशन की जानकारी देते हुए बताया कि 18 से 40 वर्ष का कोई भी व्यक्ति जो आयकर दाता नहीं हो वह इस पेंशन की स्कीम से जुड़कर लाभ ले सकता है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही 10 वर्ष या इससे पहले के बचत खातों , प्रधानमंत्री जन धन योजना के खातो, और निष्क्रिय खातों में पुन: केवाईसी कराने हेतु कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण जनों को बैंकिंग योजनाओं से जोड़ा गया।सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार ने ग्रामीणों से बैंकिंग योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया और कहा की ग्रामीणों के हित में अच्छी पहल है और इस प्रकार के कैंप हमेशा समय-समय पर लगते रहने चाहिए। बैंक मैनेजर महावीर सिंह भांभू ने बताया कि इस प्रकार के कैंप बैंक द्वारा समय समय पर लगते रहते हैं ग्रामीण जनों को बैंकिंग योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर बैंक बीसी सुरेन्द्र कुमार, अमरपाल मुकेश कुमार मोटसरा , रमेश कुमार, सचिन कुमार मुंशीराम, मांगीराम , लिछमा, मंजू, पूनम आदि उपस्थित थे।

# परिवार, मोह, माया, क्रोध, लोभ से जुड़े : विपुलप्रभाश्री

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में साध्वी विपुल प्रभा श्रीजी ने कहा कि परमात्मा के जरिये मोक्ष से कनेक्शन करना है। सुदेव, सुगुरु और सुधर्म। सु यानी सम्यकत्व। घर में कितने ही स्विच लगा लो, मेन लाइन से कनेक्ट नही करोगे तब तक लाइटें नही चलेगी। चिंतामणि जैसा यह अमूल्य जीवन मिला है। परमात्मा तो मोक्ष लक्ष्मी देना चाहते हैं पर आप धनलक्ष्मी से ही संतुष्ट हो इसलिए जब तक सही कनेक्शन नही होगा काम नहीं होगा। दूसरा करेक्शन यानी जहां गलत कनेक्शन हैं वहां करेक्शन करना है। परिवार, मोह, माया, क्रोध, लोभ से जुड़े हैं। इसका अहसास भी हो गया लेकिन इस कनेक्शन को करेक्ट नही करेंगे तब तक ऐसे ही रहेगा। किसी से बैर रखा तो पता नहीं कितने भव तक चलेगा और हम भटकते रहेंगे। उसे सही कर दो अभी ही ताकि आगे तक नहीं ले जाएं। कलेक्शन यानी क्या क्या इकट्ठा करना है? सोना, चांदी, धन, सब इकट्ठा कर रखा है जबकि परिग्रह तो करना ही नही है।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी

## ब्यावर जिले के 1.78 लाख से अधिक किसानों को मिली आर्थिक राहत

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (विष्णु दत्त धीमान)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी से वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 20वीं किस्त देशभर के किसानों को जारी की। इस अवसर पर 9.7 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में कुल 20,500 करोड़ रुपये की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए अंतरित की गई।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बांसवाड़ा में हुआ, जहां मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने प्रतिभाग किया। ब्यावर जिले में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, किसानों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य स्तरीय समारोह में कृषि विभाग की विविध योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। इन योजनाओं में पॉलीहाउस, सौर ऊर्जा पंप संयंत्र, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, तारबंदी योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना प्रमुख रहीं। इस अवसर पर उन्होंने वर्चुअल माध्यम से दौसा जिले में पपीता उत्कृष्टता केन्द्र एवं टोंक जिले में मधुमक्खी पालन केन्द्र का शिलान्यास तथा धौलपुर के खेमरी स्थित उद्यानिकी ग्राह्य परीक्षण केन्द्र का लोकार्पण भी किया। साथ ही सरस बूथ, पीडीसीएस एवं मिनी मार्ट के आवंटन पत्र भी लाभार्थियों को प्रदान किए गए।

जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएम-किसान उत्सव दिवस के मौके पर ब्यावर जिले के कुल 1,78,731 किसानों को 20वीं किस्त के रूप में डीबीटी सक्षम खातों में लाभान्वित किया गया है। उपखंडवार लाभार्थियों की संख्या इस प्रकार रही.

**बदनोर:** 17,783, ब्यावर: 36,988, जैतारण: 39,516, मसूदा: 22,653, रायपुर: 38,100, टाटगढ़: 8,556, विजयनगर: 15,135।

कार्यक्रम में ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, पूर्व सभापति नरेश कनोजिया, शशिबाला सोलंकी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रशासनिक स्तर पर एडीएम मोहनलाल खटनावलिया, एसडीएम दिव्यांश सिंह, हीरालाल उप रजिस्ट्रार, कृषि व सहकारिता विभाग के अधिकारी, जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक, संयुक्त निदेशक गणेशाराम, उप निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी गिरीश नैन सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# शुद्धता एवम गुणवत्ता पर देवली के एचपीसीएल डीलर को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान




**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** यहां पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड एचपीसीएल के डीलर किशन राम मोहनलाल को पेट्रोल डीजल शुद्ध गुणवंता और मापदंड की निष्पक्षता पर सौरभ जिंदल को सम्मानित किया। सौरभ जिंदल ने जानकारी में बताया कि एचपीसीएल ने राजस्थान प्रदेश से कुल 12 उत्तम डीलर चयनित किए हैं।

जिसमें देवली शहर के मैसेज किशन राम मोहनलाल एचपीसीएल डीलर को पेट्रोल डीजल की शुद्ध गुणवत्ता व पूरी मात्रा तथा बेहतर बिक्री के आधार पर डीलर सौरभ जिंदल व पुनीत जिंदल को उत्तम डीलर में शामिल करके एचपीसीएल राजस्थान जोनल हेड के पी सतीश कुमार मुख्य महाप्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही रिशु चौधरी मुख्य क्षेत्र प्रबंधक कोटा डिवीजन सुपन समीर इका प्रबंधन नेटवर्क प्लानिंग उमर कुमार बागडे प्रबंधक रिटेल सेफ्टी व संदीप जी सिन्हा आदि उपस्थित रहे। राजस्थान प्रांत के टोंक जिले से देवली शहर के इस पेट्रोल पंप को सम्मिलित किया जाना भी देवली शहर के लिए गौरव का विषय है।

# ग्राहकों की मांग पर सोजतिया फेस्ट राखी तक बढ़ाया, जनता को लुभा रहा सोने के बराबर मुफ्त चांदी का ऑफर



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सोजतिया ज्वैलर्स पर विगत 10 जुलाई से चल रहे सोजतिया फेस्ट में ग्राहकों की मांग पर यह फेस्ट राखी तक बएग़या गया है। इस फेस्ट में दिये जा रहे सोने के बराबर मुफ्त चांदी का ऑफर ग्राहकों को लुभा रहा है। फेस्ट को ग्राहकों के मिल रहे अपार समर्थन के कारण प्रतिदिन ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है।

सोजतिया ज्वैलर्स के निदेशक डॉ. महेन्द्र सोजतिया ने बताया कि जिस प्रकार से इस फेस्ट में ग्राहकों की भीड़ आ रही है उसे देखते हुए इस फेस्ट को राखी तक आगे बढ़ानें की मांग करते दिखाई दिये। ग्राहकों की मांग को देखते हुए इसे राखी तक बढ़ाया गया है।

प्रो. रणजीत सिंह सोजतिया ने बताया कि ग्राहकों की मांग पर इस फेस्ट को 9 अगस्त तक बढ़ाया गया है। इस फेस्ट में चल रही योजना को भी राखी तक बढ़ा दिया गया है। जिसमें खरीदे गये गये सोने के बराबर नि:शुल्क चांदी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सोने के भावों मे वृद्धि के कारण सोजतिया ज्वैलर्स के वर्कशॉप में कम वजन में अधिक फैलावट वाली ज्वैलरी का निर्माण किया गया है। जिसे ग्राहकों ने बहुत अधिक पसन्द किया है। जड़ाव ,पोलकी ज्वैलरी का नायाब कलेक्शन को ग्राहक काफी पसन्द कर रहे है। ग्राहक सोजतिया की गोलड येजना से भी जुड़ रहे है। जिसमें ग्राहक यदि थोड़ी समझदारी दिखाता है तो उसे जीरो मेंकग चार्ज पर ज्वैलरी सोजतिया ज्वैलर्स पर उपलब्ध हो रही है।

उन्हांने बताया कि इस प्रकार मासिक गोल्ड स्कीम में ग्राहकों द्वारा 10 किस्तें दी जा रही है और एक किस्त सोजतिया ज्वैलर्स द्वारा दी जा रही है। हर माह 200 ईनाम भी खोले जा रहे है।

# हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत किया गया वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुभाष चन्द गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलम गुर्जर प्रदेश मंत्री भाजपा रही। विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन, जिला महामंत्री दिलीप गुप्ता रहे। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र मीना और सह कोषाध्यक्ष विभांशु मोदी, श्री अग्रसेन शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष रामदयाल पटवारी, महामंत्री ओमप्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश तिघारिया और महाविद्यालय के सचिव डॉ. आनन्द अग्रवाल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हुई। तत्पश्चात समिति अध्यक्ष ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम के तहत महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्य किया गया। और विभिन्न कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम के अन्त में विश्वविद्यालय स्तर आयोजित महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्राप्त करने वाली महाविद्यालय कि छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। गया। मुख्य अतिथि नीलम गुर्जर ने कहा कि भारत सरकार ने राष्ट्र को हरा भरा करने के लिए %एक पेड़ मां के नाम% अभियान प्रारम्भ किया तथा राजस्थान ने इसमें भूमिका निभाते हुए %हरियालो राजस्थान% अभियान चला कर प्रशंसनीय कार्य किया है। विशिष्ट अतिथि गोवर्धन सिंह जादौन ने एक पेड़ मां के नाम लगाने पर विशेष बल दिया। और कहा कि हर एक व्यक्ति को अपना योगदान देना चाहिए। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र मीना ने कहा कि हमें वृक्ष लगाकर हरियालो राजस्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सह आचार्य सूरजमल, अशोक शर्मा, उमाशंकर शर्मा, चंद्रशेखर अवस्थी, विवेक सिंह, प्रेमप्रकाश, शैलेंद्र,पंकज अवस्थी, विकास हरसाना, राजकुमार, सत्यभान व सह आचार्या अपर्णा,ललिता मुदगल, स्नेहा, ,पिंकी योगी, पिंकी जांगिड़, कामिनी आदि उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारी हेतल दीदी ने जेल में 81 बंदियों को राखी बांधी

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** ब्रह्माकुमारी संस्था हिंडौन ने उपकारागृह में रक्षाबंधन का आयोजन किया। जेल में 81 बंदियों को राखी बांधी गई। मिठाई खिलाकर पर्व को आध्यात्मिक भावनाओं के साथ मनाया गया। हिंडौन सेंटर प्रभारी बीके हेतल दीदी और शिवानी दीदी ने सभी बंदियों की कलाई पर राखी बांधी। आत्मिक सुरक्षा, संयम और सकारात्मक जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम में बीके मलूकी बहन, मंजू बहन, महेश, उमराव, महिपाल, राधा मोहन और हरिमोहन मौजूद रहे। जेल प्रभारी कमलेश कुम्भावत मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने संस्था के प्रयास की सराहना की। कहा, यह आयोजन बंदियों के मानसिक और आत्मिक उत्थान की दिशा में सराहनीय पहल है। इससे जीवन में बदलाव की शुरुआत होती है। बीके हेतल दीदी ने कहा, रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पर्व नहीं है। यह आत्मा और परमात्मा के अटूट बंधन की स्मृति है। उन्होंने बंदियों से आत्मिक जागृति की ओर बढ़ने का आह्वान किया। सभी बंदियों को राखी बांधी गई। मिठाई वितरित की गई।



# राजस्थान हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# सीएमएचओ अब नहीं कर सकेंगे डॉक्टर को एपीओ

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में यह स्पष्ट कर दिया है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी किसी चिकित्सक को एपीओ (अवेटिंग पोस्टिंग ऑर्डर) नहीं कर सकता। न्यायालय ने यह व्यवस्था देते हुए कहा कि किसी भी कार्मिक का एपीओ आदेश केवल सक्षम अधिकारी के जरिए ही जारी किया जा सकता है। न्यायाधीश रेखा बोराणा की एकलपीठ ने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रमेश चंद्र की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह बड़ा फैसला सुनाया।

### यह था पूरा मामला

यह मामला पाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बूसी (रानी ब्लॉक) के इंचार्ज डॉ. रमेश चंद्र से जुड़ा है। उन्हें 6 जून 2025 को सी एम एच ओ पाली द्वारा एपीओ कर दिया गया था और उनका मुख्यालय संयुक्त निदेशक, जोधपुर तय किया गया था. डॉ. चंद्र के अधिवक्ता यशपाल खिलेरी ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर करते हुए बताया कि डॉ. चंद्र साल 2013 से चिकित्सा अधिकारी पद पर कार्यरत हैं और वर्तमान में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के रूप में सीएचसी बूसी के इंचार्ज हैं।

### जबरदस्ती इंजेक्शन या ड्रिप लगाने पर अड़ी रही महिला

पूरा विवाद 5 जून 2025 की रात 11 बजे का है. जिसमें एक महिला अचानक बुसी सीएचसी पहुंची और खुद को मरीज बताते हुए ब्लड प्रेशर जांचने और ड्रिप लगाने का दबाव बनाने लगी। जिस पर डॉ. चंद्रा ने उसकी जांच की । जिसमें उन्होंने पाया कि वह पूरी तरह से ठीक है और उसे किसी इंजेक्शन या ड्रिप की जरूरत नहीं है. इसके बावजूद महिला ड्रिप लगाने पर अड़ी रही। इतना ही नहीं, उसने




डॉक्टर को ऐसा न करने पर नौकरी करके भूल जाने जैसी धमकी भी देनी शुरू कर दी। इसके साथ ही उसने खुद को किसी राजनीतिक दल की स्थानीय पूर्व पार्षद भी बताया। यह पूरी घटना उस समय अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई थी।

### झूठी शिकायत पर एपीओ करने का आरोप

इसके बाद महिला अगले दिन सी एम एच ओ पाली के पास पहुंची। उसने उस समय ड्रिप न चढ़ाने की घटना को लेकर एक झूठी लिखित शिकायत दी. इसी को आधार मानकर सी एम एच ओ पाली ने 6 जून 2025 को डॉ. रमेश चंद्र को एपीओ कर दिया. वहीं डॉ चंद्र ने इसे अंसवैधानिक बताते हुए हाइकोर्ट का दर्वाजा खट खटाया । जिसके बाद उनके केस पर सुनवाई हुई।

### अदालत का फैसला

हाईकोर्ट की एकलपीठ ने रिकॉर्ड का अवलोकन कर याचिकाकर्ता की रिट याचिका स्वीकारते हुए सी एम एच ओ, पाली द्वारा जारी एपीओ आदेश 6 जून 2025 को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में यह व्यवस्था दी कि एपीओ आदेश केवल सक्षम प्राधिकारी द्वारा ही जारी किया जा सकता है और सी एम एच ओ किसी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी का एपीओ आदेश जारी करने के लिए सक्षम अधिकारी नहीं है ।

## शादी करने का झांसा देकर नाबालिग लड़की से तीन महीने तक देहशोषण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शास्त्रीनगर थाना इलाके में दोस्ती कर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपित ने शादी करने का झांसा दिया और फिर शादी करने के नाम पर तीन महीने तक देहशोषण करता रहा। इस संबंध में पीड़ित नाबालिग लड़की ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि शास्त्री नगर की रहने वाली नाबालिग लड़की ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी कॉलोनी में ही रहने के कारण आरोपित से उसकी बातचीत थी। बातचीत के दौरान आरोपित ने उससे दोस्ती कर ली। आरोप है कि मई-2025 में दोस्ती कर मिलने-जुलने के दौरान आरोपित ने अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर शादी करने का झांसा देकर पिछले तीन महीने से उसका देह शोषण करता रहा। परिजनों को नाबालिग पीड़िता ने आरोपित के बारे में बताया। इस संबंध में थाने में पीडिता अपने पिता के साथ पहुंचकर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## करौली से हथियार की सप्लाई करने जयपुर पहुंचा तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सांगानेर थाना पुलिस ने हथियार तस्करी करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देसी कट्टा और पिस्टल बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित करौली से हथियार की सप्लाई देने जयपुर आया था। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत सांगानेर थाना पुलिस हथियार तस्कर के मामले में बदमाश रामराज उर्फ डालू गुर्जर (28) निवासी सदर करौली को गिरफ्तार किया है।

जो सांगानेर के गुलाब बिहार में रहकर हथियार तस्करी का काम करता है। पुलिस को सूचना मिली कि सांगानेर इलाके में एक लड़का अवैध हथियार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस टीम ने सूचना पर संदिग्ध को घेराबंदी कर धर-दबोचा। तलाशी में उसके पास देसी कट्टा और पिस्टल मिली। पूछताछ में आरोपी रामराज उर्फ डालू से सामने आया कि वह हथियारों की तस्करी कर करौली से लेकर आया था और जयपुर में अवैध हथियार की सप्लाई लेकर पहुंचते ही पुलिस ने धर-दबोचा। करौली के सदर और कोतवाली थाने में उसके खिलाफ नौ से अधिक मुकदमे है। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के अधिवेशन में जुटे कई प्रतिनिधि

### कई प्रशासनिक अधिकारी हुए शामिल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन का 10 वां वार्षिक अधिवेशन व सम्मान समारोह शनिवार को राजधानी जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में आयोजित हुआ। इस अधिवेशन में भारत के लगभग 27 राज्यों से संगठन के पदाधिकारी और सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुजी सुशील गोस्वामी महर्षि भृगु पीठ एवं राष्ट्रीय संयोजक सर्वधर्म संसद, विशिष्ट अतिथि पूर्व आईजी हरिप्रसाद शर्मा, पूर्व आईजी अशोक गुप्ता, अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा, मेजर जनरल अनुज माथुर, डॉक्टर निर्मल जैन, मोहन मीणा, गोरधन लाल शर्मा, परमानन्द पांडे, शोभा तोमर,प्रदीप मलिक, डॉक्टर विष्णु कुमार गुप्ता, सीमा तिवारी, आदित्य नाग सहित अन्य गणमान्य विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में देशभर में सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों संघटन में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया हैं।

कार्य कारणी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा विंग ब्रजेश पाठक ने बताया कि देश भर से आए हुए संगठन के करीब 300 से अधिक पदाधिकारी को मोमेंटो सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

पाठक ने बताया कि अधिवेशन में आए हुए सभी अतिथियों ने मानव अधिकार संगठन के कार्यों की सराहना ही साथ ही सभी ने अपने अपने विचार रखे। इस मौके पर संगठन से सुनील खांडल राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग चमन कंवर राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर अशोक कनौजिया प्रदेश अध्यक्ष (राजस्थान) रीना सच्चर उपाध्यक्ष महिला विंग उर्मिला शर्मा, टीना योगी जिला उपाध्यक्ष जयपुर बबीता वर्मा जिला अध्यक्ष जयपुर महिला विंग- कार्यकारी अध्यक्ष राजस्थान कार्यकारी अध्यक्ष सरदार हरजिंदर सिंह रंधावा उपाध्यक्ष राजस्थान रविंद्र गौड़ सहित अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के मंच का संचालन एंकर प्रीति सक्सेना ने किया।

## पत्थर मारकर बदमाशों ने कार का विंडो मिरर तोड़कर बैग किया चोरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** माणक चौक थाना इलाके में स्कॉर्पियो गाड़ी पर पत्थर मारकर बदमाशों ने विंडो मिरर तोड़कर बैग चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीडित की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने के साथ चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि करणी विहार के रजनी विहार निवासी हेमराज गहनोलिया ने मामला दर्ज करवाया है कि वह खरीदारी करने स्कॉर्पियो गाड़ी से बाजार आए थे। चौड़ा रास्ता में रोड किनारे स्कॉर्पियो को खड़ी कर वह खरीदारी करने चले गए। स्कॉर्पियो में रखे बैग को चोरी के लिए बदमाशों ने पत्थर मारकर विंडो मिरर को तोड़ा और फिर पिछली सीट पर रखे बैग को चोरी कर लिया। बैग में दो मोबाइल,चेकबुक, करीब 15 हजार रुपए, दस्तावेज व अन्य सामान रखा था।कुछ देर बाद ही वापस लौटने पर बैग चोरी का पता चला। पुलिस चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों में जुटी है।

## भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित इंडियन आइकॉनिक हेल्थकेयर अचीवमेंट सम्मिट एंड अवार्ड 2025 डॉ. ममता कुमावत को मिला



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/नई दिल्ली।** भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित इंडियन आइकॉनिक अचीवमेंट सम्मिट एंड अवार्ड 2025 सेरेमनी का आयोजन हुआ, इस दौरान राजस्थान में बेहतरीन चिकित्सा सेवा हेतु जयपुर के कालवाड. रोड स्थित एसजीके मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को हेल्थ सैक्टर में अवार्ड प्रदान किया गया है। गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित भारत मंडपम कार्यक्रम में हेल्थ एक्सपो के क्षेत्र में बेहतरीन चिकित्सा सेवा प्रदान करने वाले चिकित्सक एवं अस्पतालों को सम्मानित किया गया, इस दौरान एसजीके हॉस्पिटल की मैनेजिंग डायरेक्ट डॉ ममता कुमावत को केंद्रीय मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा एवं अभिनेत्री रितु शिवपुरी द्वारा अवार्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम में देश विदेश के जाने माने हेल्थ एक्सपर्ट व हेल्थ सैक्टर के एक्जीक्यूटिव उपस्थित रहे।

## डीएफएमटी गर्वनिंग काउंसिल की बैठक आयोजित, जन कल्याणकारी एवं उपयोगी कार्यो को प्राथमिकता दें - विश्नोई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** डीएफएमटी में जन कल्याणकारी एवं उपयोगी कार्यों को प्राथमिकता दें। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों के चयन के दौरान खनन प्रभावित क्षेत्रों का विशेष ध्यान रखा जाएं। उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने शनिवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट कांफ्रेस हॉल में जिला मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट की गर्वनिंग काउंसिल की बैठक के दौरान यह बात कही।



उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने कहा कि आमजन के विकास विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों के साथ पर्यटन विकास के जुड़े नवाचार को भी प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि बाड़मेर जिले में कुछ इस तरह के नवाचार किए जाए जो स्थानीय लोगों के साथ प्रदेश एवं देश के पटल पर भी प्रेरणा के तौर पर शामिल हो। उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री विश्नोई ने डीएफएमटी के तहत कराए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। डीएफएमटी गर्वनिंग काउंसिल की बैठक जिला कलक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान जिला कलक्टर टीना डाबी ने कहा कि राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप डीएफएमटी में विशेष रूप से खनन प्रभावित इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ जन उपयोगी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बाड़मेर जिले में डीएफएमटी में करीब 109 करोड़ की राशि उपलब्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जन प्रतिनिधियों के प्रस्तावों को प्राथमिकता देने के साथ यह प्रयास किया जाएगा कि अधिकाधिक जन उपयोगी कार्य कराए जा सके। बाड़मेर-जैसलमेर सांसद उम्मेदाराम बेनिवाल ने कहा कि शिक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। ताकि झालावाड़ जैसे हादसे की पुनरावृति नहीं हो। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्षा कक्ष, पुस्तकालय एवं राजकीय चिकित्सालय में सिटी स्केन, कैथ मशीन सरीखी सुविधाओं की जरूरत जताई।

उन्होंने विद्यालयों में डिजिटल बोर्ड लगवाने पर डीएफएमटी के बजट के इस्तेमाल की बात कही। चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल ने शिक्षा के क्षेत्र में अधिकाधिक राशि के व्यय के साथ चौहटन के धोरो एवं वीरातरा में रोप वे सरीखे कार्यों के जरिए पर्यटन विकास की बात कही।

## अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़, 85 सिलेंडर जप्त

### जिला कलक्टर के निर्देश पर कार्यालय, जिला रसद अधिकारी की बड़ी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशों के अनुपालना में अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ जिला रसद अधिकारी की कार्रवाई लगातार जारी है।

राजधानी जयपुर में शनिवार को रसद विभाग ने अवैध गैस रिफिलिंग के विरुद्ध दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 85 गैस सिलेंडर, पांच गैस रिफिलिंग मोटर और दो वजनी कांटा मशीनें जब्त कीं। यह कार्रवाई रसद अधिकारी त्रिलोक चंद मीणा के नेतृत्व में प्रवर्तन अधिकारी सरिता यादव द्वारा की गई।

पहली कार्रवाई जयपुर के गजसिंहपूरा क्षेत्र में की गई, जहां अवैध रूप से घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों से रिफिलिंग का कार्य किया जा रहा था। टीम ने मौके से 71 घरेलू सिलेंडर, 9 कमर्शियल सिलेंडर, चार रिफिलिंग मोटर और एक वजनी कांटा मशीन जब्त की। यह रिफिलिंग न केवल अवैध थी बल्कि अत्यंत खतरनाक भी, जो स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकती थी। दूसरी कार्रवाई हसनपुरा क्षेत्र में की गई, जहां रिहायशी इलाके के भीतर ही अवैध



रिफिलिंग की जा रही थी। यहां से पांच घरेलू सिलेंडर, एक रिफिलिंग मोटर और एक वजनी कांटा मशीन जब्त की गई। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्य पूर्णतः गैरकानूनी था और सिलेंडरों के फटने जैसी दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है।

जिला रसद अधिकारी श्री त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि दोनों ही स्थानों पर बिना किसी अधिकृत अनुमति के गैस रिफिलिंग की जा रही थी, जो जन सुरक्षा के लिए अत्यंत घातक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। रसद अधिकारी त्रिलोक चंद मीणा ने स्पष्ट किया कि विभाग इस तरह के अवैध रैकेट को बर्दाश्त नहीं करेगा और भविष्य में भी लगातार औचक निरीक्षण कर इस प्रकार की गतिविधियों पर अंकुश लगाया जाएगा।

प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध गैस रिफिलिंग अथवा गैस सिलेंडरों के संदिग्ध उपयोग की जानकारी मिले, तो उसकी सूचना तुरंत विभाग या प्रशासन को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके और किसी भी संभावित हादसे को रोका जा सके।

## जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सदैव तत्पर हैं

### जल संसाधन मंत्री अजमेर में की जनसुनवाई, फरियादियों की उमड़ी भीड़



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक श्री सुरेश सिंह रावत ने शनिवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसमें पुष्कर विधानसभा क्षेत्र सहित अजमेर जिले के कोने-कोने से आए नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक, ग्रामीण एवं प्रशासनिक समस्याएं मंत्री श्री रावत के समक्ष रखीं।

मंत्री श्री रावत ने हर एक व्यक्ति की बात को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से हो, इसके लिए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कई मामलों में फोन पर ही तत्काल निर्देश जारी कर समाधान की कार्यवाही शुरू करवाई।

श्री रावत ने कहा कि जनप्रतिनिधि और सरकार का मुख्य दायित्व जनता की सेवा है, और इसी उद्देश्य से वे निरंतर जनसंपर्क में रहते हुए आमजनों से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने यह भी दोहराया कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, इसके लिए वे स्वयं सतत निगरानी कर रहे हैं।

क्षेत्रवासियों के अनुसार मंत्री श्री रावत समय मिलते ही क्षेत्र और जिलेवासियों के बीच उपस्थित होकर निरंतर जनसुनवाई कर रहे हैं, जिससे आमजनों को काफी राहत मिलती है और प्रशासनिक अधिकारी भी जनसमस्याओ के निराकरण के प्रति चाक-चौबंद रहते हैं।

## जल संसाधन मंत्री ने पुष्कर राजकीय महाविद्यालय में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, राशि 7.50 लाख से बैडमिंटन कोर्ट शीघ्र बनेगा- रावत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक श्री सुरेश सिंह रावत ने शनिवार को अजमेर जिला स्थित राजकीय महाविद्यालय पुष्कर का निरीक्षण कर महाविद्यालय परिसर में संचालित गतिविधियों व व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में कराए कार्यों, कॉलेज के पीछे की चारदीवारी, परिसर में इंटरलाक्स टाईल, सड़क निर्माण, कंप्यूटर एवं ट्यूबवेल की स्थिति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के उपरांत मंत्री श्री रावत ने महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने आह्वान किया कि वे हरित पुष्कर के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

श्री रावत ने महाविद्यालय को बजट में दिलाई राशि 7.50 लाख के बैडमिंटन कोर्ट निर्माण का कार्य शीघ्र कराने के निर्देश प्रदान किये। साथ ही पुस्तकालय में उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन करते हुए पुस्तक संख्या, छात्र उपयोग, ई-लाइब्रेरी एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सुविधाओं की



जानकारी ली। उन्होंने कॉलेज प्रशासन को कालेज विकास व संसाधनो और सुदृढ़ करने के लिए हर संभव सहयोग देने की बात कही।

श्री रावत ने कहा कि पुष्कर विधानसभा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुदृढ़ आधारभूत ढांचा और हरित वातावरण की दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्ध है, और इस दिशा में निरंतर सकारात्मक प्रयास जारी रहेंगे।

## महिला से दुष्कर्म करने वाला आरोपित गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला से दुष्कर्म करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि जयपुर से दिल्ली भागने की फिराक में था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपित कैलाश चंद धानका निवासी भाबरू जिला कोटपूतली-बहरोड को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने मिलने के बहाने घर आने पर एक महिला से दुष्कर्म किया था। पुलिस जांच में सामने आया कि खुद पर मामला दर्ज होने का पता चलने पर आरोपित भाग निकला। पुलिस टीम ने मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी को ट्रेस कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने जयपुर से दिल्ली भागने की फिराक में होना बताया है।

## सम्पादकीय

# हाई-वे पर जानलेवा ब्रेक

देश में जब तेजी से हाई-वे बने तो लगा कि अब आम आदमी की यात्रा सुगम व सुरक्षित होगी। तब सफर में लोगों के घंटों बचने लगे। यात्रियों के पेट्रोल व डीजल की खपत कम हुई। विडंबना यह है कि कालांतर वाहनों की गति सीमाएं तोड़ने लगी। बेलगाम गति दुर्घटनाओं का सबब बनी। वे खबरें विचलित करती हैं जब पूरे के पूरे परिवार सड़क दुर्घटनाओं की भेंट चढ़ जाते हैं। निस्संदेह, जब व्यक्ति निर्धारित सीमा से अधिक की गति से वाहन चलाता है तो विषम परिस्थितियों में अचानक ब्रेक लगाना ही पड़ता है। ऐसे में पीछे से नियंत्रित गति में चलने वाले वाहन चालक भी सड़क दुर्घटनाओं की चपेट में आ जाते हैं। अकसर बेकसूर लोग दूसरों की गलती की कीमत चुकाते हैं। ऐसी ही दुर्घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला आया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि हाई-वे पर कोई वाहन चालक अचानक ब्रेक लगाता है तो दुर्घटना की स्थिति में इसे लापरवाही माना जाएगा। अदालत ने माना कि हाई-वे पर वाहनों का तेज गति से चलना स्वाभाविक है, लेकिन यदि कोई चालक अचानक वाहन रोकता है तो उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वह ब्रेक मारने से पहले पीछे आने वाले वाहन चालकों को चेतावनी या कोई संकेत दे। उल्लेखनीय है कि यह फैसला वर्ष 2017 में कोयंबटूर में एक इंजीनियरिंग छात्र के साथ हुए हादसे के बाबत आया है, जिसमें उसे अपनी टांग गंवानी पड़ी। दरअसल, उसकी मोटरसाइकिल अचानक रोकी गई एक कार से टकरा गई थी। इस टक्कर में उसके नीचे गिरने पर पीछे से आ रही बस ने उसके पैर को कुचल डाला। कोर्ट ने कार चालक की इस दलील को तार्किक नहीं माना कि उसे पत्नी के अस्वस्थ होने के कारण कार अचानक रोकनी पड़ी। अदालत का मानना था कि उसने भले ही किसी भी परिस्थिति में कार रोकी,लेकिन उसे पीछे से आने वाले वाहन चालकों को संकेत या चेतावनी जरूर देनी चाहिए थी, ताकि इस हादसे को टाला जा सकता।

अदालत ने कहा कि यदि इस मामले में आधी गलती कार चालक की है तो बीस-बीस फीसदी गलती अपील करने वाले व बस चालक की भी है। कोर्ट ने अपील करने वाले को अगले वाहन से पर्याप्त दूरी न रखने व लाइसेंस न होने का दोषी माना। फलतः उसके मुआवजे में बीस फीसदी की कटौती की। दरअसल, हाई-वे पर होने वाले तमाम हादसों में वाहनों की निर्धारित सीमा से अधिक गति को मुख्य कारण बताया जा रहा है। 'हाई-वे रोड सेफ्टी रिपोर्ट 2021' के अनुसार दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं में 74 फीसदी हादसे वाहनों की निर्धारित गति सीमा से अधिक पर वाहन चलाने की वजह से होते हैं। जिसके चलते राजमार्गों में सुरक्षा मानकों को ताक पर रख दिया जाता है। निस्संदेह, हमने यूरोपीय स्टाइल के हाई-वे तो बना दिए मगर चालकों को नियम-कानूनों के पालन के लिये जागरूक नहीं कर पाये। यही वजह है कि दुर्भाग्य से देश की सड़कों में हर तीन मिनट में एक बेगुनाह व्यक्ति की मौत हो जाती है। जाहिर है, दोष सड़कों का नहीं बल्कि चालकों के व्यवहार में अराजकता का है। जरूरी है कि वाहन चालकों को नियमों का पालन करने तथा गति सीमा नियंत्रित रखने हेतु प्रेरित किया जाए। तभी दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क दुर्घटनाओं के लिये निरापद बन सकेगा। निस्संदेह, सड़क निर्माण में भी कई बार तकनीकी खामियां पायी जाती हैं। पदयात्रियों व जानवरों के हाई-वे पर आ जाने से वाहन चालकों को ब्रेक लगाने को मजबूर होना पड़ता है। लेकिन कोर्ट के निर्देश के अनुरूप ही पीछे आने वाले वाहन चालकों को इसका संकेत देना जरूरी है। साथ ही तकनीकी व गुणवत्ता की दृष्टि से दोषपूर्ण सड़क बनाने वालों की जवाबदेही भी तय करना जरूरी है। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट ने नजीर का फैसला दिया है, जो वाहन चालकों की जवाबदेही सुनिश्चित करता है। साथ ही पीछे आने वाले वाहन चालकों को आगे के वाहन से सुरक्षित दूरी बनाकर चलना होगा, ताकि अचानक ब्रेक लगने की स्थिति में वे खुद का और पीछे आने वाले वाहनों का बचाव कर सकें।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 3 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- लुई षष्ठम फ्रांस का सम्राट 1108 में बना।
- अलाउद्दीन बहमन शाह ने 1347 में बहमनी सल्तनत (1317-1518) की स्थापना की।
- यूरोपीय देश स्पेन से सभी यहूदियों को 1492 में बाहर निकाला गया।
- इटली के नाविक क्रिस्टोफर कोलंबस तीन जहाजों के साथ स्पेन से भारत की खोज पर 1492 को रवाना हुआ।
- अल्लेरशेइम के युद्ध में फ्रांस ने 1645 में बावेरिया को हराया।
- राबर्ट लासैले ने 1678 में अमेरिका में पहले जहाज का निर्माण किया।
- चन्दा साहिब ने 1749 में कर्नाटक के तत्कालीन नवाब अनवररुद्दीन को अंबर के युद्ध में परास्त कर, उसका अंत कर दिया।
- मेजर पोफम की अगुआयी में कैप्टेन ब्रुस ने 1780 को ग्वालियर पर कब्जा किया।
- न्यूजीलैंड में दूसरा माओरी युद्ध 1860 में शुरू हुआ।
- फर्स्ट वन टायर एंड रबर कंपनी की स्थापना 1900 में हुई।
- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने 1914 को फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- पहला समुद्री जहाज पनामा नहर से 1914 को गुजरा।
- अमेरिकी राष्ट्रपति हार्डिंग के अचानक निधन के बाद कैल्विन कूलिज ने 1923 में अमेरिका के 30 वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
- अमेरिका की अंतिम सैन्य टुकड़ी ने 3 अगस्त 1925 में निकारागुआ छोड़ा।
- मिकी माउस वॉच पहली बार 1933 में पेश की गई।
- एडोल्फ हिटलर ने 1934 में चांसलर और राष्ट्रपति के पद का विलय कर खुद को नेता घोषित किया।
- इंडोनेशिया ने 3 अगस्त 1949 को युद्ध विराम की घोषणा की।
- अब्दुल रहमान को 1957 में मलेशिया का नया नेता चुना गया था जिनके नेतृत्व में मलेशिया ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की।
- पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर ने 1960 में फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल की।
- फ्रांस ने 1968 में मुरुओरा द्वीप पर परमाणु परीक्षण किया।
- अमेरिका ने 1979 में नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- फ्रांस ने 1981 में प्रशांत महासागर में परमाणु परीक्षण किया।
- बाबा आम्टे को जनसेवा के लिए रेमन मैगसेसे पुरस्कार 1985 में प्रदान किया गया।
- मुंबई के बांद्रा में 1998 को इमारत ढहने से 35 व्यक्तियों की मौत हुई।
- ब्रिटेन की 'क्वीन मदर' द्वारा अपनी 100वीं वर्षगांठ 2000 में मनायी गई।
- अमेरिका के एंग्लिन चर्च ने 2003 में एक समलैंगिक को बिशप नियुक्त करने को मंजूदी दी।
- अमेरिका में 2001 में आतंकवादी हमले के बाद बंद किए गए स्टैच्यू आफ लिबर्टी को जनता के लिये 2004 को दोबारा खोला गया।
- अमेरिकी अंतरिक्ष यान मैसेंजर बुध ग्रह के लिए 2004 में रवाना हुआ।
- महमूद अहमदीनेझ़ाद 2005 में ईरान के राष्ट्रपति बने।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2006 में कहा कि वह भारत को यूरेनियम संवर्धन में सहायता नहीं देगा।
- इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए 2007 को रवाना हुआ रूसी अंतरिक्ष यान प्रोग्रेस एम-61 सफलतापूर्वक अपनी कक्षा में पहुँचा।
- एरिक एमर्सन शिमट ने 2009 को गूगल में बने रहने के लिए एप्पल इंक से इस्तीफा दिया।

## विशेष आलेख

# क्या अब सुप्रीम कोर्ट तय करेगा कि रोहिंग्या- शरणार्थी हैं या घुसपैठिए'



रामस्वरूप रावतसरे

**भारत सरकार ने देश में अवैध रूप से घुसे रोहिंग्या मुस्लिमों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर निकालने (डिपोर्ट) की प्रक्रिया तेज कर दी है। सरकार का कहना है कि ये अवैध रोहिंग्या देश की कानून-व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और डेमोग्राफी के लिए खतरा बन सकते हैं। इसी वजह से केंद्र सरकार लगातार इन्हें पहचानकर वापस भेजने की कोशिश कर रही है। हालाँकि सरकार की इस कार्रवाई के खिलाफकुछ विदेशी फंडिंग पाने वाले तथाकथित मानवाधिकार संगठन और एनजीओ सुप्रीम कोर्ट पहुँचे। उन्होंने रोहिंग्याओं को भारतीय नागरिकों के बराबर अधिकार देने और उनकी देश से वापसी रोकने की माँग की थी।**

सुप्राम कोर्ट ने 31 जुलाइ 2025 को कहा कि वह यह तय करेगा कि भारत में रह रहे अवैध रोहिंग्या 'शरणार्थी' माने जाएँगे या 'अवैध घुसपैठिए'। कोर्ट में रोहिंग्या से जुड़े कई मामलों की सुनवाई हो रही है। जस्टिस सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और एन. कोटिश्वर सिंह की तीन जजों की पीठ ने कहा कि यह मामला अब तीन दिनों तक विस्तार से सुना जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान जिन प्रमुख मुद्दों पर विचार करने की बात कही, वे हैं-क्या रोहिंग्या लोगों को 'शरणार्थी' घोषित किया जा सकता है? अगर हाँ, तो उन्हें किस प्रकार की सुरक्षा और अधिकार मिलेंगे?

अगर रोहिंग्या अवैध रूप से भारत में घुसे हैं, तो क्या भारत सरकार और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी बनती है कि उन्हें कानून के अनुसार देश से बाहर निकाला जाए?

अगर रोहिंग्या को अवैध घुसपैठिया मान भी लिया जाए, तो क्या उन्हें अनिश्चित समय तक हिरासत में रखा जा सकता है? या फिर उन्हें कुछ शर्तों के साथ जमानत दी जानी चाहिए?

जो रोहिंग्या हिरासत में नहीं हैं और शरणार्थी शिविरों में रह रहे हैं, क्या उन्हें पीने का पानी, स्वच्छता, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएँ मिल रही हैं? क्या यह सब संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन के अधिकार) के अनुसार है?

मई 2025 में, जब सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर सुनवाई हुई तो अदालत ने स्पष्ट और संतुलित रुख अपनाया। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की उस माँग को खारिज कर दिया जिसमें वे चाहते थे कि इस मामले को तुरंत प्राथमिकता के साथ सुना जाए। कोर्ट ने कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई और सरकार की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया। इस तरह सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि अवैध घुसपैठियों के मामले में कानून और राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंभीरता जरूरी है। गैर सरकारी संगठन उन अवैध रोहिंग्याओं की करना चाहते हैं रक्षा जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। जानकारों की माने तो याचिकाकर्ता चाहते हैं कि भारत सरकार रोहिंग्या मुस्लिमों के मामले में 'मानवीय दृष्टिकोण' अपनाए, लेकिन यह भी सच है कि कई अवैध रोहिंग्या नागरिक गंभीर आपराधिक गतिविधियों, जैसे मानव तस्करी में शामिल पाए गए हैं। ये अवैध प्रवासी उस देश के संसाधनों पर दावा ठोक रहे हैं, जिसकी आबादी पहले से ही बहुत बड़ी है। फिर भी, तथाकथित मानवाधिकार कार्यकर्ता और वकील राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इनके पक्ष में आवाज उठा रहे हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि रोहिंग्या धीरे-धीरे देश के कई हिस्सों में फैल गए हैं। इनमें से कई लोगों ने फर्जी आधार कार्ड और अन्य स्थानीय पहचान पत्र भी बना लिए हैं, जिसका फायदा उन्हें तुष्टिकरण की राजनीति से मिला।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के आँकड़ों के अनुसार, 31 दिसंबर 2024 तक भारत में 95,000 से ज्यादा रोहिंग्या मुस्लिम रह रहे हैं। इनमें से लगभग 22,500 लोग शरणार्थी और शरण की माँग करने वाले हैं। इन्हें संयुक्त राष्ट्र ने 'राज्यविहीन' माना है।

भारत अवैध रोहिंग्याओं को रखने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है। 1951 शरणार्थी सम्मेलन एक अंतरराष्ट्रीय संधि है, जो यह तय करती है कि शरणार्थी किसे कहा जाता है और इस पर हस्ताक्षर करने वाले देशों की शरणार्थियों और शरण की माँग करने वालों के प्रति क्या जिम्मेदारियाँ होती हैं। इस संधि के अनुसार, किसी भी देश को शरणार्थियों को उस देश में वापस नहीं भेजना चाहिए जहाँ उन्हें उत्पीड़न या खतरा हो सकता है। हालाँकि, भारत ने इस 1951 सम्मेलन पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, इसलिए भारत इस संधि के नियमों से कानूनी रूप से बँधा नहीं है। इसका मतलब यह है कि भारत को शरणार्थियों को अपने देश में रखना जरूरी नहीं है और वह अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या मुस्लिमों को निर्वासित कर सकता है।

सुप्रीम कोर्ट अब रोहिंग्या शरणार्थियों की कानूनी स्थिति से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहा है, लेकिन इस विषय पर निर्णय लेने का असली अधिकार संसद के पास है। संविधान का अनुच्छेद 11 संसद को नागरिकता से जुड़े सभी मामलों, जैसे नागरिकता प्राप्त करना, छोड़ना और समाप्त करना आदि के लिए कानून बनाने का अधिकार देता है। नागरिकता से जुड़े कानूनों को लागू करने की मुख्य जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की है। संसद ने भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 बनाया है, जो नागरिकता प्राप्त करने, छोड़ने और नागरिकता वापस लेने से जुड़े नियम तय करता है। हालाँकि रोहिंग्या शरणार्थी, जो अवैध रूप से भारत में आए हैं, इस कानून के अंतर्गत नहीं आते बताए जा रहे हैं।

भारत सरकार का यह स्पष्ट रुख है कि रोहिंग्या लोग अवैध प्रवासी हैं और उन्हें देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है। इसलिए सरकार उन्हें वापस भेज रही है। सरकार का यह मानना है कि अगर ऐसे तत्वों को भारत में रहने दिया गया, तो यह देश की कानून-व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। ऐसे गंभीर मामलों का निर्णय संसद जैसे संस्थान के हाथ में होना चाहिए, क्योंकि यह जनता के प्रति जवाबदेह होता है।

# जब बच्चों की शिक्षा पर भारी पड़ता है पाखंड

**भारत में बच्चों की शिक्षा को लेकर सबसे बड़ा संकट केवल गरीबी या संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि धार्मिक पाखंड है। कुछ स्वयंभू बाबाओं द्वारा शिक्षा को अपवित्र, स्त्रियों के लिए अनुपयुक्त और समाज विरोधी बताकर बच्चों को स्कूल से दूर रखा जाता है। यह प्रवृति न केवल संविधान के विरुद्ध है, बल्कि समाज की जड़ों को खोखला कर रही है। लेख में तर्क दिया गया है कि जब तक शिक्षा को पाखंड से मुक्त नहीं किया जाएगा, तबतक सशक्त समाज की कल्पना भी अधूरी रहेगी।**



डॉ. प्रियंका सौरभ

भारत में एक ओर जब हम विज्ञान, तकनीक और अंतरिक्ष अनुसंधान में नित नई ऊंचाइयों को छूने का दावा करते हैं, वहीं दूसरी ओर आज भी देश के कोने-कोने में ऐसे दृश्य मिल जाते हैं जहाँ बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। यह विडंबना तब और पीड़ादायक हो जाती है जब शिक्षा का मार्ग केवल गरीबी या संसाधनों की कमी से नहीं, बल्कि अंधविश्वास और पाखंड से बाधित होता है। पाखंड केवल किसी झूठे बाबा का चमत्कार दिखाना नहीं होता, यह वह सामाजिक जाल है जिसमें बच्चों की सोच, सवाल, और सपनों को जकड़ लिया जाता है। ऐसे लोग जिनका उद्देश्य समाज में अपना वर्चस्व बनाना होता है, वे शिक्षा को सबसे बड़ा खतरा मानते हैं। क्योंकि शिक्षा सवाल करना सिखाती है, सोचने का विवेक देती है और व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है। यही वह शक्ति है जिससे पाखंडियों की दुकानें बंद हो सकती हैं।

आज भी देश के अनेक गांवों, कस्बों और पिछड़े क्षेत्रों में ऐसे कथित साधु, संत और धर्मगुरु मौजूद हैं जो मंच से प्रवचन देते हुए कहते हैं, लड़कियों को ज्यादा पढ़ाओगे तो वे घर नहीं संभालेंगी, पुत्री की विद्या उसके विवाह में बाधा बनती है, अत्यधिक शिक्षित कन्या अशुभ होती है। ऐसे वक्तव्य केवल मजाक नहीं होते, ये समाज की सोच को दिशा देते हैं और माता-पिता को बच्चों को स्कूल भेजने से रोकते हैं। सरकारी प्रयासों के बावजूद शिक्षा का प्रसार तब तक नहीं हो सकता जब तक समाज की मानसिकता नहीं बदले। एक ओर सरकार बच्चों को स्कूल लाने के लिए पोषण आहार, छात्रवृत्ति और मुफ्त किताबों जैसी योजनाएं चला रही है, वहीं दूसरी ओर समाज के स्वयंभू ठेकेदार शिक्षा को तिरस्कार की दृष्टि से देख रहे हैं। शिक्षा का विरोध करने वाला हर स्वर दरअसल उस भय का प्रतीक है जो पाखंडियों को सता रहा है — कि यदि बच्चा शिक्षित हो गया तो वह जात-पात, भेदभाव, मंदिर में भेद, महिलाओं की स्थिति, शोषण और अन्याय जैसे मुद्दों पर सवाल पूछेगा। यही डर उन्हें किताबों से दूर रखता है।

आज भी कई जगहों पर यह कहा जाता है कि बेटियों को ज्यादा पढ़ा दोगे तो उनका विवाह मुश्किल हो जाएगा। कहीं-कहीं पर यह भी कहा जाता है कि शिक्षित लड़की संस्कारहीन हो जाती है। यह सोच केवल पिछड़ेपन की नहीं, बल्कि उस पाखंडी सोच की देन है जो धर्म और संस्कृति के नाम पर अज्ञान को बढ़ावा देती है।

यहां गौर करने वाली बात यह है कि वे स्वयंभू धर्मगुरु जो शिक्षा को व्यर्थ बताते हैं, वे स्वयं उच्च शिक्षित होते हैं। उनके बच्चे विदेशी विश्वविद्यालयों में पढ़ते हैं, लेकिन वे गांव के बच्चों को 'गुरुकुल संस्कृति' का पाठ पढ़ाते हैं जहाँ तर्क का स्थान नहीं होता। यह दोहरा मापदंड इस देश की सबसे बड़ी त्रासदी है।

आस्था और अंधविश्वास के बीच की सीमा रेखा तब धुंधली हो जाती है जब कोई बाबा कहता है कि बच्चों को स्कूल नहीं, सत्संग में भेजो और समाज उसका आंख मूंदकर पालन करता है। यही वह क्षण होता है जब शिक्षा पर पाखंड भारी पड़ता है। एक शिक्षित समाज ही एक प्रगतिशील राष्ट्र की नींव होता है। परंतु जब शिक्षा को ही शंका की दृष्टि से देखा जाए, तो देश का भविष्य अंधकारमय हो जाता है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



डॉ.संजय बडगूजर
(होम्योपैथी फिजिशियन)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं, जाने माने होम्योपैथी चिकित्सक डॉ.संजय बडगूजर। दोस्तों चिकित्सा एक सेवा है, और जब यह सेवा समर्पण व निरंतर प्रयासों से जुड़ जाए, तो वह एक प्रेरणादायक यात्रा बन जाती है। मधुर मुस्कान के धनी डॉ. संजय बडगूजर की जीवनयात्रा इसी भावना का जीता जागता उदाहरण है, जिन्होंने होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाई है।डॉ. संजय का जन्म 23 जुलाई 1977 को श्री हजारीलाल ( सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त)और माता श्रीमती शांति देवी के घर बिगोता गांव, तहसील राजगढ़ जिला अलवर में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय, मोती डूंगरी अलवर से कक्षा दसवीं सन 1992 और फिर राजकीय नवीन उच्च माध्यमिक विद्यालय, अलवर से कक्षा बारहवीं 1994 पूरी की। चिकित्सा के प्रति उनका झुकाव उन्हें युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अलवर तक ले आया, जहाँ से उन्होंने बीएचएमएस की डिग्री 2002 में प्राप्त की। डिग्री के बाद उन्होंने स्वास्तिक होम्यो क्लीनिक लव कुश मैरिज गार्डन के पास, अलवर की स्थापना की, जहाँ उन्होंने 2007 तक मरीजों की निस्वार्थ सेवा की। जनवरी 2008 से उन्होंने एनआरएचएम के तहत पीएचसी, बहादुरपुर में अपनी सेवाएं दीं। मार्च 2009 में आरपीएससी के माध्यम से उनका चयन राजकीय सेवा में हुआ, जिसके बाद उन्होंने राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, रसनाली,बानसूर में पदभार संभाला। समर्पण और उत्कृष्ट कार्यों के कारण उन्हें अक्टूबर 2014 में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, गायत्री मंदिर, अलवर में स्थानांतरित किया गया। यहीं 2018 में उन्हें एसएमओ और 2021 में एसएमओ(उप निदेशक) के पद पर पदोन्नत किया गया। जुलाई 2022 से वे राजीव गांधी राजकीय सामान्य चिकित्सालयए अलवर में सेवाएं दे रहे हैं साथ ही नोडल ऑफिसर के रूप में भी अपनी जिम्मेदारियाँ निभा रहे हैं।

## Today
बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 2 | | | 6 | 8 |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 4 | 6 | | | 1 | | |
| 4 | 7 | | 1 | | | | 8 | |
| 1 | 6 | | | | 8 | | 3 | |
| 5 | | | 7 | | | | | |
| | | 6 | | | 9 | | | |
| | | | 8 | | 1 | | | 6 |
| | 9 | | | | | | 7 | |

**Yesturday Ans**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 5 | 2 | 8 | 3 | 1 |
| 8 | 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 | 9 |
| 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 9 | 6 |
| 7 | 3 | 5 | 6 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 4 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 8 | 9 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 7 | 1 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें। नए

### वृष
ड्डउत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

### मिथुन
लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

### कर्क
पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

### सिंह
परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी।

### कन्या
स्नेहीजनों एवं मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

### तुला
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

### धनु
शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं।

### मकर
पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

### कुंभ
शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं।

### मीन
वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त का वितरण, जिले में आयोजित हुआ भव्य समारोह

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत देशभर के किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शनिवार को योजना की 20वीं किश्त राष्ट्र को समर्पित की गई।

उत्तर प्रदेश के वाराणसी से आयोजित इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का जिले में सीधा प्रसारण करते हुए जिला स्तरीय समारोह का आयोजन रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ऑडिटोरियम में जिला कलेक्टर काना राम के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर जिले के सभी ब्लॉकों पैक्स, पंचायतों एवं सभी कृषि उपज मंडियों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान लाभार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने भागीदारी की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को 20,500 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से जारी की। इस आयोजन से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी वर्चुअल रूप से जुड़े, जो बांसवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह में उपस्थित थे।



राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने पॉलीहाउस, सौर ऊर्जा पंप, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, तारबंदी योजना तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभार्थी किसानों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने पपीता उत्कृष्टता केन्द्र बहरावण्डा (दौसा) एवं मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र देवड़ावास (टोंक) के भवन निर्माण कार्य का वर्चुअल शिलान्यास तथा उद्यानिकी ग्राह्य परीक्षण केन्द्र खेमरी (धौलपुर) के भवन का वर्चुअल लोकार्पण भी किया। इसके अतिरिक्त सरस बूथ, पीडीसीएस एवं सरस मिनी मार्ट के आवंटन पत्र भी वितरित किए गए।

### जिला कलक्टर ने किसानों को दी बधाई, योजना का लाभ लेने हेतु सत्यापन व आवेदन की अपील

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर कानाराम ने बताया कि जिन किसानों को अभी तक इस योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है, वे अपने नजदीकी ई-मित्र केंद्र पर जाकर पात्रता के अनुसार योजना में आवेदन करें। साथ ही उन्होंने यह भी अपील की कि जिन किसानों ने अभी तक भौतिक सत्यापन नहीं कराया है, वे शीघ्र ही भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण कराकर योजना का लाभ उठाएं।

इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ गौरव बुडानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ,प्रबन्ध निदेशक केन्द्रीय सहकारी बैंक लि0 सवाई माधोपुर , बिजेन्द्र कुमार शर्मा , उप रजिस्ट्रार डा. प्रीति यादव , सयुंक्त निदेशक कृषि(विस्तार) राकेश अटल ,चेयरमैन नगर परिषद जय प्रकाश सामरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं लाभार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## कंकाली माता मंदिर में स्थित शिवालय में हुआ रुद्राभिषेक, श्रद्धालु उमड़े

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** शनिवार को महाअष्टमी पर्व पर शक्ति पीठ सेवा संस्थान के द्वारा भगवान आशुतोष महाकाल, शिव शम्भू भोलेनाथ के सहस्त्र घट रूद्री महिमन एवं अभिषेक किया गया। जिसमें आचार्य पं. दधिशंकर शास्त्री, पं. राजीव शर्मा, पं. ललित गौतम व पं. भगवती शर्मा सहित ग्यारह पंडितों के सानिध्य में भगवान शिव की मंत्रोच्चार से पूजा की गई। इसके बाद भगवान शंकर का सहस्त्र घटों से जलाभिषेक किया गया। शक्तिपीठ अध्यक्ष शंकर सोनी ने बताया कि सुबह 9 बजे मण्डल विधान, दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक भगवान के पंचामृत, गन्ना रस, बिल रस से अभिषेक किया गया। इसके बाद माता रानी और भगवान शंकर का फूल मालाओं से भव्य श्रृंगार किया गया। इसके भगवान शंकर के खीर , मालपुआ, चूरमा, बाटी, लड्डू, मिठाई व नमकीन का भोग लगाकर प्रसादी जिमाई गई। इस दौरान महिला मण्डल द्वारा मातारानी और भगवान शंकर को भजनों से रिझाया गया। रूद्राभिषेक में पुजारी नारायण दास, ओमप्रकाश दहलोद, सुभाष गिन्दोडी, राजेश भट्ट, मनीष सोनी, पवन भाणजा, मन्नू नामा, मधु नामा, पवन साहू,गोपाल सोनी, रमाकांत शर्मा, राहुल कामरेड, टिल्लू नामा, पुष्पादेवी सोनी, अनिता भाणजा, दीपिका, निशा नामा, हेमलता विजय सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## रजवास की नाथों की ढाणी में एक सप्ताह से बंद है बिजली,शाम होते ही डूब जाती है अंधेरे में

### अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी नहीं हो रही है सुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत रजवास के गांव नाथों की ढाणी में विद्युत पोल टूट जाने से करीब एक सप्ताह से बिजली नहीं आ रही है। जिससे ढाणी शाम होने के साथ ही अंधेरे में डूब जाती है। हनुमान रजवास, प्रभु नाथ, रमेश नाथ, कानाराम नाथ, रतन नाथ, भंवरलाल जाट, राजेश थोरी व रमेश नाथ सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व ढाणी में अतिवृष्टि होने से कुछ विद्युत पोल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गए। जिससे ढाणी में करीब एक सप्ताह से बिजली सप्लाई बंद है। जिससे ढाणीवासियों को इस गर्मी के मौसम में परेशानियों का सामना करना पड रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विधायक रामसहाय वर्मा सहित सभी उच्चाधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी एक सप्ताह गुजर जाने पर भी उक्त समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जिससे ढाणिवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने शीघ्र ही उक्त समास्या का समाधान करवाने की मांग की है। जिससे ढाणिवासियों को राहत मिल सकें।

### दीनदयाल कोचों की किल्लत होगी खत्म!

## रेलवे ने सामान्य कोचों को लेकर लिया बड़ा फैसला

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** यदि आप ट्रेन में सामान्य टिकट लेकर दीनदयालु कोचों में घंटों खड़े रहकर सफर करने को मजबूर होते हैं, तो यह खबर आपके चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। केंद्र सरकार ने आम यात्रियों को राहत देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब जनरल और नॉन-एसी स्लीपर कोचों की संख्या ट्रेनों में और ज्यादा देखने को मिलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में बताया कि रेलवे ने ट्रेनों में बिना एसी वाले कैचों की संख्या में भारी इजाफा किया है। आज की तारीख में 70त्न से ज्यादा कोच नॉन-एसी हैं। यही नहीं, आने वाले 5 वर्षों में 17,000 अतिरिक्त जनरल और स्लीपर श्रेणी के कोच तैयार करने के लिए एक विशेष मैन्युफैक्चरिंग प्रोग्राम शुरू किया गया है।

**सामान्य कोचों की संख्या में बंपर बढ़ोतरी**-बीते साल यानि 2024-25 के दौरान भारतीय रेलवे ने लंबी दूरी की ट्रेनों में करीब 1,250 नए जनरल कोच जोड़े हैं। इससे खासतौर पर उन लोगों को फायदा मिलेगा, जो कम बजट में सफर करना चाहते हैं। रेल मंत्री ने बताया कि रेलवे गरीब, निम्न मध्यम वर्ग और आम नागरिकों को ध्यान में रखते हुए लगातार ऐसी ट्रेनों की संख्या बढ़ा रहा है जिनमें किराया किफायती हो और सफर आरामदायक। इसी सोच के तहत अमृत भारत ट्रेन और नमो भारत रैपिड रेल जैसी परियोजनाओं में भी बिना एसी वाले डिब्बे शामिल किए गए हैं।

**अब हर ट्रेन में होंगे ज्यादा नॉन-एसी डिब्बे**-वर्तमान में ट्रेनों में कुल 54 लाख नॉन-एसी सीटें उपलब्ध हैं, जो कुल बर्थों का 78 प्रतिशत हैं। वहीं, एसी सीटों की हिस्सेदारी केवल 22% है। ट्रेनों में आम तौर पर 22 डिब्बे होते हैं। रेल मंत्री के अनुसार, अब इनमें से करीब 12 कोच जनरल और स्लीपर नॉन-एसी होंगे, जबकि एसी कोचों की संख्या लगभग 8 रहेगी।

# निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक दोगुना किया

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** शुद्ध मतदाता सूचियां लोकतंत्र की लोकतंत्र की आधारशिला हैं। मतदाता सूची मशीनरी, जिसमें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीएलओं पर्यवेक्षक और बूथ लेवल अधिकारी शामिल हैं, कड़ी मेहनत करती हैं और निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदाता सूचियां तैयार करने में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। इसलिए आयोग ने बूथ लेवल अधिकारी के वार्षिक पारिश्रमिक को दोगुना करने और मतदाता सूचियों की तैयारी एवं पुनरीक्षण में शामिल बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि करने का निर्णय लिया है। पिछला ऐसा संशोधन वर्ष 2015 में किया गया था। साथ ही, पहली बार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के लिए मानदेय प्रदान किया गया है।



निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अधिकारी का वार्षिक पारिश्रमिक दोगुना करते हुए 6 हजार से 12 हजार रूपए, मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए बीएलओं को प्रोत्साहन राशि 1 हजार से बढ़ाकर 2 हजार रूपए, बीएलओं पर्यवेक्षकों की 12 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपए में की है। वहीं पहली बार एईआरओ का मानदेय 25 हजार रुपए एवं ईआरओं का मानदेय 30 हजार रूपये प्रदान किया है।

इसके अतिरिक्त आयोग ने बिहार से प्रारंभ होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए बूथ लेवल अधिकारी हेतु 6 हजार रुपये के विशेष प्रोत्साहन को भी मंजूरी दी थी। यह निर्णय निर्वाचन आयोग की उन चुनाव कर्मियों को पर्याप्त मुआवजा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो सटीक मतदाता सूची बनाए रखने, मतदाताओं की सहायता करने और चुनावी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए क्षेत्र स्तर पर अथक परिश्रम करते हैं।

## श्याम मंदिर से 80 फीट रोड तक अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सडक़ का नगर पालिका द्वारा मरम्मत कार्य शुरू,

### कार्य करवाना था पीडब्ल्यूडी को, करवा रही है नगरपालिका



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** शहर की इंदिरा कॉलोनी में श्याम मंदिर से 80 फीट रोड तक अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सडक़ का नगर पालिका द्वारा मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के चलते श्याम मंदिर इन्दिरा कालोनी से राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पुलिया तक रोड को पीडब्ल्यूडी को हैंड ओवर कर दिया गया था। उक्त सडक़ मार्ग पर सारा ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया गया। लगातार भारी वाहनों की आवाजाही के चलते सारा सडक़ मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया जिससे सडक़ में जगह-जगह गहरे गहरे गड्ढे हो गए। उक्त सडक़ मार्ग की मरम्मत करवाने का जिम्मा भी पीडब्ल्यूडी का ही था। इस बारे में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को अवगत भी करवाया गया था। लेकिन उन्होंने निर्माण कार्य शुरू नहीं किया। सडक़ मार्ग के अधिक क्षतिग्रस्त हो जाने व आमजन एवं वाहन चालकों को हो रही परेशानी से छुटकारा दिलवाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने शनिवार को मरम्मत कार्य शुरू करवा दिया। जिससे कॉलोनी वासियों व वाहन चालकों में खुशी की लहर है।

# जिला स्तरीय किसान सम्मान उत्सव दिवस संपन्न

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त का हुआ डिजिटल हस्तांतरण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत शनिवार को बनोली सेवापुरी वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के किसानो को 20 वीं किस्त की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की।

किसान सम्मान निधि के बांसवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा वीसी के माध्यम से प्रदेश के किसानो से सीधे जुड़े।

इस अवसर पर शनिवार को किसान सम्मान उत्सव दिवस का आयोजन जिला परिषद सभागार में किया गया। कार्यक्रम में देवली उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, जिला प्रमुख सरोज बंसल, एडीएम रामरतन सौकरिया, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह सोलंकी, सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार रविंद्र सिंह यादव, उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया, डीआईओ सुशील कुमार अग्रवाल, एसीपी श्याम सुंदर जांगिड़ समेत बड़ी संख्या में जिले के किसान मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक राजेंद्र गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में 6 हजार रुपये वार्षिक सहायता की 20 वीं किश्त आज देशभर के करोड़ों किसानों के बैंक खातों में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक क्लिक के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। यह केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि आज देश खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर है। केंद्र व राज्य सरकारें किसान हित की योजनाओं को धरातल पर लागू कर रही है। उन्होने बताया कि इसी प्रकार प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा भी किसानों की समृद्धि के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत प्रदेश के प्रत्येक पात्र किसान को 3000 रू. की राशि साल मे सीधे ही उनके खातों में हस्तांतरित कर रहे हैं। इससे निश्चित तौर पर प्रदेश के किसानों में उत्सव का माहौल है और उनके चेहरों पर खुशी आई है।



### टोंक जिले में 2.56 लाख किसानों को लाभ-

सहकारिता विभाग के अनुसार टोंक जिले के 2 लाख 56 हजार 546 किसानों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त के रूप में 51 करोड़ 30 लाख 92 हजार रुपये की राशि जमा की गई है।

## नागा बाबा के स्थान से तेजाजी महाराज मंदिर तक का सडक़ मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ, फिसल कर गिर रहे हैं लोग

### लोगों ने कलेक्टर व विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गांव गुड्डा आनंदपुरा में अतिवृष्टि के चलते नागा बाबा के स्थान से तेजाजी महाराज मंदिर तक का सडक़ मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। सडक़ मार्ग के क्षतिग्रस्त हो जाने से विद्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं, दोनों धार्मिक स्थलों पर जाने वाले श्रद्धालुओं, वाहन चालकों व पैदल चलने वाले राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सडक़ मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीण श्योलाल मीणा, राजाराम मीणा, केसरलाल मीणा, धर्मराज प्रजापत व राम प्रकाश गुर्जर सहित कई ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि सडक़ मार्ग के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण पैदल रहागीर व दुपहिया वाहन चालक फिसल कर गिर रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर अग्रवाल से सडक़ मार्ग की शीघ्रता से मरम्मत करवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि समस्या को लेकर विधायक रामसहाय वर्मा व पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव को भी ज्ञापन दिया गया है।

# गंगापुर सिटी की रेलवे और नगर परिषद समस्याओं पर क्षेत्रीय विकास मंच ने दिखाया आईना

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/गंगापुर सिटी (राकेश शर्मा)।** क्षेत्रीय विकास मंच की बैठक विजय लक्ष्मी ऑडिटोरियम नसिया कॉलोनी में आयोजित की गई। बैठक में शहर एवं क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के संरक्षक डॉ. हेमंत शर्मा एवं अध्यक्ष श्याम लाल ने संयुक्त रूप से की। डॉ. हेमंत शर्मा ने कहा कि रेलवे एवं नगर परिषद क्षेत्र गंगापुर सिटी की समस्याओं को प्रमुखता से रखा जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि समस्याओं का निर्धारण विशेषज्ञ व्यक्तियों द्वारा किया जाए तथा राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर कार्य किया जाए। अध्यक्ष श्याम लाल ने कहा कि गंगापुर सिटी में रेलवे की लगभग 444 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जिसमें से 81 एकड़ भूमि पर कब्जा हो चुका है। उन्होंने मथुरा-गंगापुर रेलवे लाइन की स्वीकृति, बंद पड़ी ट्रेनों को पुनः शुरू करने, गंगापुर सिटी को आधिकारिक रूप से जंक्शन का दर्जा दिलाने तथा रेलवे की उपेक्षित भूमि का समुचित उपयोग करने की आवश्यकता बताई। डॉ. बाबूलाल बैरवा ने बताया कि मंच पावर टू वर्क एवं विल टू वर्क की नीति पर कार्य कर रहा है।

महेंद्र शर्मा ने सुझाव दिया कि विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एवं शहर के प्रमुख शिक्षाविदों को भी मंच से जोड़ा जाए। प्रहलाद मेठी ने रेलवे की खाली पड़ी भूमि, अतिक्रमण एवं आरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर जैसी समस्याओं को उठाया तथा मासिक रिपोर्टिंग टीम गठित करने और गंगापुर से जयपुर तक विशेष ट्रेन चलवाने का प्रस्ताव रखा। घनश्याम रावत ने शिक्षा, सड़क, नगर परिषद एवं विद्युत विभाग से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता देने की बात कही और राजनीतिक स्तर पर प्रयास करने की आवश्यकता बताई। राजेन्द्र पीपी ने रेलवे कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। चोखेलाल वर्मा ने रेलवे इलेक्ट्रिक शेड को प्रमुख मुद्दा बताते हुए उसकी सतत मॉनिटरिंग करने की बात कही। याकूब खां ने क्षेत्रीय विकास मंच की मेंबरशिप अभियान चलाने की आवश्यकता जताई। डॉ. सीताराम गुप्ता ने कहा कि मंच अपनी मांगों को रेल मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय व डीआरएम तक पहुंचाएगा। ईश्वर लाल शर्मा ने गंगापुर सिटी में इलेक्ट्रिक शेड निर्माण एवं एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में यह सर्वसम्मति बनी कि गंगापुर सिटी की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु समन्वित रूप से कार्य किया जाएगा और प्रत्येक मुद्दे पर सतत मॉनिटरिंग रखी जाएगी। बैठक में डॉ हेमंत शर्मा, श्यामलाल मीना, सूरज प्रसाद गर्ग, राजेंद्र शर्मा एडवोकेट, डॉ सीताराम गुप्ता, मटरुमल मीना, ईश्वरलाल शर्मा, डॉ ज्ञानेश्वर मीना, महेंद्र कुमार शर्मा, डॉ बाबूलाल बैरवा, घनश्याम मेठी, प्रहलाद लाल गुप्ता, चोखे लाल वर्मा, चन्द्रभान शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, गिरीश मित्तल, याकूब खाँ, धनेश शर्मा, दुर्गेश शर्मा, रामकिशोर गर्ग, सुनील सिंह आदि उपस्थित थे।




## प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा का सवाई आगमन पर भाजपाइयों ने किया अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य के उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा आज निजी प्रवास पर सवाई माधोपुर दौरे पर रहे, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद का भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियो ने कुस्तला बॉर्डर पर उनका त्रिनेत्र गणेश की तस्वीर भेट कर अभिनंदन किया । इसके बाद जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचन्द के साथ खंडार के पूर्व विधायक हरिनारायण बैरवा की धर्मपत्नी के निधन पर तीये की बैठक में पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की । इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेशचंद जैन, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, मुकेश शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# तू कौनसा साहबजादा है.. तू तो मुझसे भी ज्यादा ढ़क्कन है..



माफ करना दोस्तों आलेख की शुरूआत तू तड़ाके के साथ कर रहा हूं लेकिन ये मेरी आवाज नहीं,ना ही मेरे शब्द हैं ये तो एक आम आदमी जोकि गढ्ढ़ों में हिचखोले खाकर अपनी खटारा सी बाईक से निकल रहा है तो पास से ही एक महंगी सी कार गुजरती है तो आम आदमी के मुँह से सहसा निकल जाने वाला वाक्य है ये। तू कौनसा साहबजादा है तू तो मुझसे भी ज्यादा ढ़क्कन है। अब यहां एक आम आदमी एक पैसे वाले को ढ़क्कन आखिर क्यों कह रहा है। एक बार मर्म को समझिए और जो पैसे वाले मेरा ये आलेख पढ़ रहे हैं वे अपने आपको सच में ढ़क्कन ही समझने लगेंगे। असल में आम आदमी परेशां सा है शहर में टूटी सडक़,जगह-जगह कचरा, जगह-जगह खराब ड्रेनेज सिस्टम के कारण भरा हुआ पानी और इन सबके बाद हर महीने में खराब रोड़ पर चार बार पंचर होती बाईक और सडक़ पर चलने का तनाव ले रहा है। अब ये उसके मुँह से निकले ये शब्द एक अमीर आदमी के लिए सही साबित हो रहे हैं समझिए जरा.. आम आदमी कहना चाह रहा है कि भाई तू चाहे लाखों रूपये का टैक्स दे रहा है पर फिर भी तेरे लिए कोई अलग से स्वर्ग नहीं बनाया इस शहर में प्रशासन व सरकार ने .. तू भी वहीं गढ्ढों में से निकल रहा है जहां से मैं निकल रहा हूं,तू भी जाम में फंस रहा है जहां मैं भी फसा हुआ हूं, जैसे मुझसे बाबू नल कनेक्शन शिफिटंग के चाय पानी के पैसे ले लेता है ऐसे ही तू मिठाई पानी के पैसे दे देता होगा। रात को आवारा कुत्ते जब भौंकते होंगे तो जैसे मेरे कोनों में आवाजें गूंजती हैं ऐसे ही तेरे गूंजती होंगी। गर्मी में पानी की समस्या तू भी झेलता ही होगा जैसे मुझे झेलनी पड़ती हैं। पर फिर भी तू मेरे आगे ढ़क्कन है क्योंकि मैं टैक्स नहीं देता और तू लाखों रूपयों का टैक्स देकर भी मेरी तरह ही जी रहा है। तेरे लिए कोई अलग व्यवस्था थोड़ी ना की है शासन प्रशासन ने...

*इसलिए भाई तू कौनसा साहबजादा है.. तू तो मुझसे भी ज्यादा ढ़क्कन है ढ़क्कन*

***रूपक शर्मा***
***संपादकीय प्रभारी,अलवर***

## केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 50 ऑटो टिपर का किया लोकार्पण

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन अभियान सामाजिक परिवर्तन की मिसाल

## अलवर को स्वच्छता ब्राण्ड बनाने में प्रतिबद्धता के साथ सबकी भागीदारी जरूरी है

### स्वच्छता व स्वच्छ परिवेश ही समृद्धि का मार्ग है - केंद्रीय मंत्री यादव



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव शनिवार को प्रताप ऑडिटोरियम से नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता को बेहतर करने के उद्देश्य से पर्यावरण संरक्षण शुल्क निधि के अंतर्गत घर-घर कचरा संग्रहण हेतु क्रय किए गए नए 50 ऑटो टिपर (कचरा संग्रहण वाहन) का लोकार्पण कर उन्हें हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अभिनव पहल करते हुए नगर निगम की सफाई कर्मचारी श्रीमती पूनम चावरिया से ऑटो टिपर का पूजन करवाया तथा 5 स्वच्छता सखियों को स्वच्छता किट भेंट किए एवं उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

### स्वच्छ भारत मिशन सामाजिक परिवर्तन का बडा सूत्रपात

केंद्रीय वन मंत्री श्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में कार्यभार संभालते ही गांधी जयन्ती 2 अक्टूबर से स्वच्छ भारत मिशन का आगाज किया था, जिसके सार्थक परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे हैं। इस अभियान की प्रशंसा विश्व स्वास्थ्य संगठन ने करते हुए कहा कि यह भारत में सामाजिक परिवर्तन का बहुत बडा सूत्रपात है। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत देश में 11 करोड 65 लाख शौचालय बनाए गए तथा 4576 गांवों को ओडीएफ, 3913 गांवों को ओडीएफ प्लस, 1429 शहरों को विगत 10 वर्षों के कार्यकाल में ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा प्रदान किया गया है।

### एनसीआर का सबसे साफ-सुथरा शहर बनने की दिशा में बढा अलवर

उन्होंने कहा कि स्वच्छता और स्वच्छ शहर समृद्धि का मार्ग है, इसको मध्यनजर रखते हुए अलवर शहर को स्वच्छ व साफ-सुथरा शहर बनाने व एनसीआर क्षेत्र में स्वच्छता में टॉप रैंकिंग लाने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं जिसके तहत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पर्यावरण संरक्षण शुल्क निधि (ईपीसी फण्ड) की 4 .50 करोड रूपये की राशि से नगर निगम अलवर को 50 ऑटो टिपर (कचरा संग्रहण वाहन) उपलब्ध कराए गए हैं। इनकी क्षमता शहर में संचालित ऑटो टिपरों से डेढ गुना अधिक है। इससे शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में कचरे को पृथक-पृथक संग्रहण करने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अलवर ने स्वच्छ सर्वेक्षण में 310 पायदान ऊ पर चढकर 54वीं रैंक हासिल की है, जबकि विगत सर्वेक्षण में 364वें स्थान पर था।

नगर निगम आयुक्तजितेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि नवम्बर 2024 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पर्यावरण संरक्षण शुल्क निधि (ईपीसी फण्ड) से नगर निगम अलवर को 50 ऑटो टिपर (कचरा संग्रहण वाहन) खरीदने के लिए 4 करोड 50 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की जिससे निगम द्वारा 50 नए ऑटो टिपर क्रय किए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में क्रय किए ऑटो टिपर की क्षमता (3 .3 घन मीटर) पूर्व में शहर में संचालित ऑटो टिपर की क्षमता (2 .0 घन मीटर) से लगभग डेढ गुणा अधिक है जिससे गीला व सूखा कचरा को पृथक-पृथक करने एवं अधिक कचरा संग्रहण करने की सुविधा मिलेगी।

## कुमकुम गुप्ता बनी तीज क्वीन अलवर



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर महावर महिला विकास मंच की ओर से तीज उत्सव का आयोजन एक होटल में किया गया। अलवर महावर महिला विकास मंच की ओर से तीज उत्सव मनाया गया । उत्सव में महावर वैश्य समाज की महिलाओं ने खूब उत्साह से भाग लिया । सभी सदस्य परम्परागत वेशभूषा में सुसज्जित होकर, अच्छे से सज संवर कर आये । इस अवसर पर सभी ने गेम्स खेले तथा खूब डांस किया, तीज उत्सव मनाया । मंच अध्यक्ष द्वारा सबसे अच्छी ड्रेस पहन कर, सबसे अधिक सज संवर कर आने वाली कुमकुम गुप्ता को तीज क्वीन अवार्ड से पुरुस्कृत किया गया । कार्यक्रम का आयोजन एवम संचालन कुमकुम ने किया। इस कार्यक्रम में बबिता गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, शकुंतला गुप्ता, इशिका गुप्ता, पप्पल गुप्ता, बबीता हुंडीवाला, लता गुप्ता,उषा गुप्ता,कुमकुम,बीना,पूजा गुप्ता,उर्मिला,रजनी,सरोज महावर, तथा संतोष गुप्ता ने भाग लिया। अंत में श्रीमती सरोज महावर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया । जलपान के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।



## नेता प्रतिपक्ष जूली का न्यूयॉर्क पहुंचने पर आईओसी न्यूयॉर्क चैप्टर के अध्यक्ष मोहिन्दर सिंह के नेतृत्व में किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के अमेरिका दौरे के दौरान न्यूयॉर्क पहुंचने पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के न्यूयॉर्क चैप्टर के अध्यक्ष मोहिन्दर सिंह गिल्जिआन के नेतृत्व में स्वागत किया गया,उनके साथियों द्वारा आयोजित डिनर में जूली ने समसामयिक मुद्दों पर चर्चा की। जूली बोले अमेरिका और भारत में एक बड़ी समानता मुझे लगी। भारत में अलग-अलग जाति, धर्म, वर्ग, भाषी लोग रहते हैं जबकि अमेरिका में अलग-अलग देशों से आए ऐसे ही लोग रहते हैं। इन दोनों देशों की विविधता की स्वीकार्यता के कारण यहां शान्ति से इतने अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोग रह पाते हैं। जूली बोले वर्तमान परिदृश्य में हम सभी को अपनी इस पहचान को कायम रखते हुए भारत को आगे बढ़ाकर एक ऐसा देश बनाने का संकल्प करना चाहिए जिससे अमेरिका की तरह विभिन्न देशों के लोग यहां काम करने आएं और उनको भी हम ऐसे ही अपना सकें। उल्लेखनीय है कि जूली 17 दिवसीय यात्रा के तहत अमेरिका गए हुए हैं यहां वह प्रवासी राजस्थानियों से भी मुलाकात करेंगे।

## दिल्ली से रेवाड़ी गाड़ी का विस्तार बाँदीकुई तक करने के लिये रेलवे मंत्री को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** राजगढ़ विकास मंच अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने दिल्ली से रेवाड़ी गाड़ी नंबर 74001/ 74002 का विस्तार बांदीकुई जंक्शन तक करने के लिए केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव एवं केंद्रीय पर्यावरण मंत्री एवं सांसद सदस्य अलवर लोकसभा क्षेत्र भूपेन्द्र यादव, भारत सरकार उत्तर पश्चिम रेल्वे मुख्यालय जयपुर के महाप्रबन्धक अभिताभ एवं उत्तर पश्चिम जयपुर मण्डल रेल प्रबन्धक विकास कुमार पुरवार एवं केष्टन शशी करण, जन सम्पर्क अधिकारी उत्तर पश्चिम रेल्वे रामचरण मीणा, सहायक परिचालन प्रबन्धक कोचिंग मुख्य जनसूचना अधिकारी दिल्ली मण्डल उत्तर रेल्वे दिल्ली को पत्र लिखकर गाड़ी नः 74001/ 74002 दिल्ली रेवाड़ी का विस्तार दिल्ली बाँदीकुई डीएमयू का पुनः सचालन करने की माँग की गई। यह गाड़ी नः 04499 / 04500 दिल्ली से रेवाड़ी चलती थी इसका विस्तार दिल्ली से बॉदीकुई किया गया था इसे रेलवे बोर्ड द्वारा स्थाई संचालित करने के बाद बन्द कर दिया। यह गाड़ी जुलाई 2024 को वर्तमान गाड़ी नः 74001/74002 है दिल्ली जंक्शन से रात्रि 8.50 चलकर रात्रि 1.20 बाँदीकुई पहुंचती थी तथा वापसी में बाँदीकुई से रात्रि 2.20 चलकर प्रातः 8 बजे दिल्ली पहुंचती थी। स्थानीय राजगढ़ सहित आसपास के लोगों ने रेलवे मंत्री से राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर मण्डोर एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है।

## पांच दिवसीय हिंडोले झूलन महोत्सव मंगलवार से

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** कस्बे के श्री जगन्नाथ मंदिर, गोविंद देव जी मंदिर, मुरली मनोहर मंदिर में सावन मास में पांच दिवसीय हिंडोले झूलन महोत्सव का आगाज 5 अगस्त मंगलवार से शुरू होगा। जगन्नाथ मंदिर के महंत पूर्णदास व मदनमोहन शास्त्री, गोविंद देव जी मंदिर के महंत दिलीप मुखर्जी और मुरली मनोहर मंदिर के महंत अनिल पांडे ने बताया पांच दिवसीय हिंडोले महोत्सव में पांचो दिन अलग-अलग झांकियां में भगवान को हिंडोले के रूप में झूले में झूलाया जाएगा प्रत्येक वर्ष सावन मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी से लेकर पूर्णिमा तिथि तक पांच दिवसीय हिंडोले महोत्सव का आगाज मंदिरों में होता है सैकड़ो भक्त श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर भगवान की अलग-अलग मनमोहक झांकी के दर्शन करेंगे।

## एसएससी परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं के विरोध में प्रधानमंत्री व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के नाम एसडीएम के सहायक को ज्ञापन सौंपा

### एसएससी की अनियमितताओं से युवाओं का भविष्य हो रहा चौपट : दायमा

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** हाल ही में आयोजित एसएससी परीक्षाओं में सामने आई अनियमितताओं और पेपर लीक के मामलों के विरोध में शनिवार को युवा नेता राकेश दायमा के नेतृत्व में बानसूर के युवाओं ने प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम एसडीएम के सहायक राजेश जोशी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि परीक्षाओं में धांधली और नकल माफिया की सक्रियता से परीक्षाओं की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं! जिससे लाखों युवाओं का भविष्य चौपट हो गया है।वहीं युवा कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि केन्द्र की भाजपानीत सरकार में किसान, महिलाओं और पहलवानों की नहीं सुनी गई।अब बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रतिबंधित संस्था द्वारा परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है जो अनेक राज्यों में ब्लैक लिस्टेड है। दायमा ने कहा कि केन्द्र सरकार को इस ओर ध्यान देकर बेरोजगार युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए परीक्षा का सही संचालन करवाए।जिससे एसएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को किसी तरह का खामियाजा न भुगतना पड़े। वहीं ज्ञापन में मांग की गई है कि एसएससी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, दोषी अधिकारियों व नकल माफिया पर सख्त कार्रवाई करने, पेपर लीक की निष्पक्ष जांच कराने, पीड़ित अभ्यर्थियों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित करवाने और अभ्यर्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसे बिंदु शामिल किए गए हैं। ज्ञापन सौंपने वाले एसएससी के अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक इस मामले में जब तक ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक अभ्यर्थियों का मानसिक व शैक्षणिक नुकसान होता रहेगा। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले को गंभीरता से लेकर तत्काल कार्रवाई करने की अपील की है।अभ्यर्थियों ने माथे और हाथ पर काली पट्टी बांधकर सुभाष सर्किल से जुलुस के रूप में नारे लगाते हुए एसडीएम कार्यालय पहुँचे। जहाँ उन्होंने एसडीएम के सहायक राजेश जोशी को ज्ञापन सौंपा।इस मौके पर अमित,सचिन, विजेन्द्र,वीरेन्द्र,राहुल यादव,नीरज सैनी, राहुल सिंह, रमेश सिंह,राकेश गुर्जर,कुलदीप,अभिषेक यादव,पंकज,जसवंत,राहुल, शशी,अनील, प्रमोद, प्रेम प्रकाश,सचिन कुमावत सहित सैकड़ों बेरोजगार अभ्यर्थी मौजूद रहे।

## नो महीने से फरार तीन वांछित मुल्ज़िमों को किया गिरफ्तार

### बानसूर वृत क्षेत्र के थाना हरसौरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** वृत्त क्षेत्र के थाना हरसौरा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 9माह से फरार 3वांछित मुल्ज़िमों को गिरफ्तार किया है। मुल्ज़िमान ने आपसी रंजिश को लेकर अपने रिश्तेदारों को बुलाकर रात्रि के समय परिवादी के घर में घुसकर मारपीट कर गंभीर चोट कारित करवाने वाले मुल्ज़िमानों को गिरफ्तार किया गया है। जिन मुल्ज़िमों को गिरफ्तार किया गया है उनके नाम इस प्रकार हैं =-1. कृष्ण सैनी पुत्र रतीराम सैनी जाति माली, आयु 30साल,2.कृष्ण कुमार सैनी उर्फ़ क्रिश पुत्र रामस्वरूप सैनी जाति माली आयु 27साल,3.सुनील सैनी उर्फ़ सुल्या पुत्र बाबूलाल जाति माली आयु 25साल निवासी टसकोला थाना प्रागपुरा जिला कोटपूतली बहरोड़ के निवासी हैं। परिवादी छाजूराम पुत्र कन्हैयालाल जाति माली आयु 66साल निवासी पंडावाली तन हरसौरा ने थाना हरसौरा में एक रिपोर्ट पेश कर 03नवम्बर 2024को रात्रि करीब 9.30बजे की घटना बताई। जिसमें परिवादी ने बताया कि हम सब खाना खाकर अपने रिहायशी मकान में सो रहे थे!तब अचानक एकराय होकर कृष्ण पुत्र शीशराम गुर्जर, निवासी रायली व इसकी गैंग के 5-6व्यक्ति जिन्होंने कपड़ों से मुँह बांध रखा था। जिनके हाथों में सरिए नुकिले, आधुनिक हथियार,लाठियों में नुकिली किलें,लोहे की राड़, कुल्हाड़ी से मेरे रिहायसी मकान में घुस आए और आते ही मेरे बेटे सोनू व बिन्टू के साथ मारपीट करने लगे!मेरे बेटे चिल्लाए तो मैं व मेरी पत्नी बीच बचाव करवाने लगे तो मेरे व मेरी पत्नी के साथ भी मारपीट की जिससे मेरे दोनों बेटे व मेरे फेक्कर हो गए आदि पर प्रकरण संख्या -186/2024दर्ज कर अनुसन्धान शुरू किया गया। अनुसन्धान करते हुए मजरूबानो की चोटों का मेडिकल करवाया गया, और आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खगाला गया। गहनता से अनुसन्धान कर मुल्ज़िमों की पहचान कर गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही की जानकारी पुलिस महानिरीक्षक रेंज जयपुर के राहुल प्रकाश, जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई दी।

## कैसे हमारी तरंगें हमारे मित्रता को आकार देती हैं-गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** लोगों को मित्र या शत्रु कहकर लेबल करना उचित नहीं है। बस एक बात याद रखिए अगर आपका समय अच्छा चल रहा है, तो आपका सबसे बड़ा शत्रु भी आपकी मदद करने आएगा और अगर समय खराब हैए तो आपका सबसे अच्छा मित्र भी शत्रु जैसा व्यवहार करेगा। दो प्रकार के लोग नहीं होतेए बस समय होता है। इसीलिए संस्कृत में कहा गया है, कालाय तस्मै नमः। समय जैसा होता है, वैसे ही हमारे अनुभव इस संसार में होते हैं। समय लोगों की समझ और व्यवहार को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपने चारों ओर देखिए, स्वयं को देखिए। आपके विचार और दृष्टिकोण भी वर्षों में बदले हैं। आप वह व्यक्ति नहीं हैं जो पाँच साल पहले थे। जब हम लोगों के शब्दों और कर्मों को अधिक महत्व देते हैंए तो हम अपनी खुशी दूसरों के हाथ में दे देते हैं। शब्द और व्यवहार कभी भी बदल सकते हैं। इसलिए अपनी खुशी को दूसरों की बातों या बर्ताव से जोड़ना समझदारी नहीं है। कभी-कभी आप स्वयं भी ऐसी बातें कह देते हैं जिनका वास्तव में कोई मतलब नहीं होता। सोचिए अगर लोग उन्हीं बातों को पकड़ कर बैठ जाएँ और आपके भीतर छिपे भाव को न समझें .तो कैसा लगेगा अच्छा तो नहीं लगेगा। आप चाहेंगे कि लोग आपके शब्दों के पार भी आपको समझें लेकिन क्या आप दूसरों के लिए ऐसा करते हैं बहुत कम। आप दूसरों के कहे शब्दों को वर्षों तक सीने से लगाए रखते हैं। क्या पता उन्होंने जो कहा, वह उनका मतलब ही न रहा हो। माँ अक्सर कहती हैए श्चले जा यहां से! पर सोचिए, अगर बच्चा सच में चला जाए तो उस माँ की क्या हालत होगी।



## आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है-आचार्य योगी कमलेश नाथ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** पंचायत समिति के सकट क्षेत्र के देवती राम सागर बांध के पास मुर्राटा गांव जोगियों की ढाणी स्थित महादेव मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन शिव विवाह की कथा सुनाई। कथा वाचक आचार्य योगी कमलेश नाथ ने बताया कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है। भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गये है। बाबजूद शिव ने विवाह कर गृहस्थ आश्रम में रहकर वैराग्य धर्म का अनुसरण करने का तरीका दिया। कथावाचक ने कहा कि शिव परिवार में भगवान का वाहन नंदी, मां पार्वती का शेर, गणेश भगवान का मूषक और कार्तिकेय का वाहन मोर है। सभी विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस रखना शिव पुराण सिखाता है। उन्होनें भगवान के विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि मैंना देवी व हिमालय राज की पुत्री के रूप में मां पार्वती जन्म लेकर भगवान शिव की घोर तपस्या की। उसी दौरान ताडकासुर के आतंक को खत्म करने के लिये शिव का तंद्रा भंग हुई। तब जाकर शिव का विवाह हुआ। यह सात दिवसीय श्रीमद शिव महापुराण कथा 7 अगस्त तक चलेगी जिसका समय प्रातः 10 बजे से शाम कर 4 बजे तक रहेगा। इस मौके पर रामजीलाल वेद, बिहारी नाथ, रामस्वरूप जोगी, कालूराम योगी, हजारीलाल योगी, बनवारी लाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बपावर में लाड़ली बहना रक्षासूत्र समारोह सम्पन्न

## ली बलाईयां सुख की करी कामना

### स्पीकर बिरला एवं ऊर्जा मंत्री नागर को बहनों ने बांधे रक्षासूत्र

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/सांगोद/ बपावर।** लाड़ली बहना रक्षासूत्र समारोह शनिवार को कृषि उपज मंडी बपावरकलां में आयोजित किया गया। जहां सांगोद नगर, सांगोद देहात एवं बपावर क्षेत्र की बहनों ने अपने लाड़ले भाई लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला एवं ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर को रक्षासूत्र बांधे।

**तिलक निकाल बलाईया ली,**

बहनें एक-एक कर आती रहीं और दोनों भाइयों के मस्तक पर अक्षत, रोली का टीका लगाकर रक्षा सूत्र बांधती रही। महिलाओं ने बलाइयाँ लेकर भाइयों के सुख की कामना की। इस दौरान स्पीकर बिरला और ऊर्जा मंत्री नागर ने प्यारी बहनों को उपहार स्वरूप साड़ियां भेंट की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्पीकर श्री ओम बिरला ने कहा कि रक्षाबंधन वह पवित्र बंधन है जो हम सबको बहनों की रक्षा करने और आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणा देता है। हमारी संस्कृति के अंदर रक्षाबंधन का महत्व है। हमारी माता बहनें त्याग, समर्पण की मूर्ति हैं। सृष्टि का निर्माण करने वाली हैं और संवेदना से भरी हुई हैं। हमारी मातृशक्ति भाइयों के हाथों में रक्षा सूत्र बांधकर किसी भी आपदा, संकट और चुनौती के समय कवच के रूप में खड़ी हो जाती हैं। माता और बहनों के रिश्ते संवेदना, करुणा, दया, सहिष्णुता से भरे हैं। उनका समर्पण, त्याग, सेवा, संवेदना, मातृत्व हम सबको नई दिशा और दृष्टि देता है। हर व्यक्ति के जीवन में भी मां का विशेष स्थान रहता है।

उन्होंने कहा कि एक भाई के रूप में हम दोनों इस रिश्ते को निभाने का पूरा प्रयास करेंगे। गांव में जब जाते हैं तो वहां की समस्याओं को सबसे ज्यादा बहनें ही उजागर हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि माता बहनों की रक्षा और सेवा के लिए खड़े रहे।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि ईश्वर की कृपा बनी रहे और बहनों का प्रेम, दुलार और आशीर्वाद मिलता रहे। इसके लिए हर वर्ष रक्षाबंधन का कार्यक्रम करते हैं। जो भी सम्भव होगा दोनों भाई सुख-दुख में सदैव खड़े नजर आएंगे। रक्षाबंधन का



यह धागा बहनों की उन्नति, प्रगति के लिए प्रयास करने के लिए सदैव प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 50त्न आबादी को मुख्य धारा से जोड़ने का आह्वान किया है। आज महिलाएं देश के विकास में योगदान दे रही हैं। हमारी बच्चियां आगे बढ़ रही हैं और माता-पिता, क्षेत्र, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन कर रही हैं। इस दौरान जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान जयवीर सिंह अमृतकुआं, कृष्णा शर्मा, उप प्रधान ओम नागर अड़ूसा, राजेश शर्मा, चंद्रप्रकाश सोनी, मुरारी मेहता, लाला किशनचंद, दिलीप गर्ग, ओम मेहता, दीनदयाल बेरवा, कमलेश शर्मा, मधुबाला मीणा, मीना मेघवाल, इंदिरा गुप्ता, चेनकंवर बाई, उछमा मीणा, गंगोत्री बाई समेत कई लोग मौजूद रहे।

## डीआरएम ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** शनिवार को कोटा डीआरएम अनिल कालरा ने लाखेरी रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर रेलवे स्टेशन तथा रेलवे कॉलोनी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार डीआरएम अनिल कालरा शनिवार को दोपहर को लाखेरी रेलवे स्टेशन पहुंचे तो रेलवे स्टेशन पर फैली गंदगी, यात्रियों के पीने के पानी की समस्या तथा प्लेटफार्म पर चल रहे निर्माण कार्य सहित अन्य कमियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई तथा शीघ्र ही व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए।

**रेलवे कॉलोनी का भी निरीक्षण किया** – इस दौरान कालरा ने रेलवे कर्मचारियो की पत्नियों की शिकायत पर रेलवे कॉलोनी का भी निरीक्षण किया। महिलाओं ने रेलवे आवास में पानी टपकने, कॉलोनी में पानी भरने, कॉलनी में आवास के सामने उगे बम्बूल तथा जंगली झाड़ सहित पेयजल समस्या से भी अवगत करवाया। जिस पर कालरा ने सभी अव्यवस्थाओं को तीन महीने में सुधारने हेतु सख्त निर्देश दिए। इस दौरान रेलवे के सभी विभागों से जुड़े सभी अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## पिपलोदिया हादसे के बाद जन्मदिवस मनाना गवारा नहीं- राखी गौत्तम

**कार्यकर्ताओं से कहा हमारे लिए शोक का समय भरपाई संभव नहीं**



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** राजस्थान प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी की महासचिव एवं महिला कॉंग्रेस की पूर्व अध्यक्ष राखी गौतम ने अपने जन्मदिन पर हर वर्ष की भाँति आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को इस वर्ष स्थगित करने का निर्णय लिया है। गौतम ने जन्मदिन ने मनाने के निर्णय के बारे मे कहा कि हमारा दायित्व बनता है कि बीते दिनों में झालावाड़ जिले के मनोहरथाना क्षेत्र के ग्राम पिपलोदी में एक सरकारी स्कूल की छत गिरने से सात बच्चों की मृत्यु एवं 27 बच्चों के घायल होने की जो हृदयविदारक दुखद घटना घटित हुई है वह अत्यंत ही गमगीन करने वाली है7

इस दुर्घटना में मृतक बच्चों के परिवार ने जो खोया है,, उसकी भरपाई किया जाना सम्भव नहीं है लेकिन उन मासूमों की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर सकते है। इसीलिए इस वर्ष में मेरे जन्मदिन पर कोटा के बाहर धार्मिक स्थान में जाकर बच्चों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करुँगी । साथ ही गौतम ने कार्यकर्ताओं से अपील भी की है कि कोई भी कार्यकर्ता साथी किसी भी प्रकार के पोस्टर होर्डिंग नहीं लगाये और ना ही किसी प्रकार का कोई समारोह का आयोजन नहीं रखे।

## जेसीआई कोटा स्टार की डायरेक्टरी 'संपर्क सेतु' का विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** जेसीआई कोटा स्टार द्वारा निर्मित 'संपर्क सेतु' — एक बिजनेस कम मेंबर्स इनफॉर्मेशन डायरेक्टरी का विमोचन शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष तनुज खंडेलवाल ने बताया कि संपर्क सेतु डायरेक्टरी में कोटा शहर से संबंधित शिक्षा, पर्यटन और व्यापार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को एकत्र कर प्रस्तुत किया गया है। यह डायरेक्टरी व्यवसायिक नेटवर्किंग को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ शहर के समग्र विकास में सहयोगी सिद्ध होगी। डायरेक्टरी निर्माण में गौरव सोनी (एडिटर), सीए महेश गुप्ता, सौरभ जैन (प्रोजेक्ट मेंटर्स) का मार्गदर्शन रहा। वहीं क्रांति जैन, पंकज बजाज, राजेश जैन, विनय बंसल (प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर्स) और अमित जैन, प्रतीक गोयल, ब्रह्मानंद गर्ग, सीए राहुल जैन, अंशुल जैन (प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स) का विशेष योगदान रहा।विमोचन समारोह में रवि गर्ग, राजेश जैन, आशीष गंगवाल, नकुल सोनी, मुकेश गुप्ता, सचिन अग्रवाल, रवि गुप्ता, नितिन जैन सहित संस्था के कई सदस्य उपस्थित रहे। संस्था द्वारा इसे कोटा के व्यवसायिक समुदाय के लिए एक सशक्त सूचना सेतु बताया गया है। जो संपर्क, सहयोग और समृद्धि का माध्यम बनेगा।

## ऑल इंडिया रेलवेमेन पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन की एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग संपन्न



**कोटा (दामोदर सिंह)।** ऑल इंडिया रेलवेमेन पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन की एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग शनिवार को वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज युनियन के सभा कक्ष मे संपन्न हुई। अध्यक्ष जी पी सिंह ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी देते हुये बताया कि आगामी सितंबर में मेडिकल कैंप ऑर्गनाइज करने का प्रस्ताव लिया गया है। सचिव डी के अरोड़ा ने 24.07.25 को सावन महोत्सव के सफल आयोजन हेतु सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और एजेंडा अनुसार चर्चा की। मुख्य रूप से उन सदस्यों की जरूरत पड़ने पर सहायता करनी है जिनके परिवारजन साथ नहीं होते है और उनको तबियत खराब होने के कारण उन्हे परिचारक की सख्त जरूरत होती है। अगस्त माह में वृक्षारोपण के कार्यक्रम प्रस्तावित है। एग्जीक्यूटिव मेंबर्स आर एस बक्शी, एम एस बग्गा, राजेश गौतम, अजय कपूर, पूनम रत्नानी, आर एन सिंह आदि ने भी संस्थागत विचार रखे। अंत में अध्यक्ष जी पी सिंह ने वोट ऑफ थैंक्स दिया, मीटिंग का संचालन डी के अरोड़ा ने किया।

## स्टेशन क्षेत्र में उप अग्निशमन केंद्र और खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत का माँग पत्र सौंपा

बढ़ता राजस्थान

कोटा,(विनोद गौड़)। स्टेशन क्षेत्र में अग्निशमन उपेंद्र खोलने की मांग को लेकर क्षेत्र के निवासी काफी समय से प्रयासरत है स्टेशन क्षेत्र में रेलवे स्टेशन रेलवे कॉलोनी अस्पताल सहित नए विकसित कोटा का काफी बड़ा क्षेत्र इस मांग से जुड़ा हुआ है ।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को गत दिनों स्टेशन क्षेत्र में हुई कई आगजनी की घटनाओं को लेकर के कोटा उत्तर नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा के द्वारा ज्ञापन देकर मांग की गई।

स्टेशन और रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में जब भी आगजनी की घटनाएं होती है तो सब्जी मंडी स्थित फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड आने में समय लग जाता है ऐसी स्थिति में राहत बचाव कार्य में देरी हो जाती है।

**खेडली फाटक क्षेत्र मे ट्रांसफर स्टेशन उचित जगह**

लोकसभा अध्यक्ष जी ने आश्वस्त किया कि जल्द ही स्टेशन क्षेत्र में संबंधित अधिकारियों से बात कर उप अग्निशमन केंद्र खोल दिया जाएगा। खराब सड़के और हाट रोड को सीधे अंडर पास से जोड़ने की माँग।

रेलवे कॉलोनी क्षेत्र घनी आबादी का क्षेत्र है लेकिन आज भी रेलवे कॉलोनी क्षेत्र की सड़कों की स्थिति बेहद खस्ता हाल है खस्ताहाल सड़कों के नवनिर्माण हेतु कोटा उत्तर



नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा ने माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम जी बिरला को ज्ञापन देकर मांग की गई कि रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में जो सड़के रेलवे के अंतर्गत आती है उन सड़कों का दुरुस्तीकरण करवाया जाए,जो सड़के ज्यादा खराब स्थिति में उनका नवनिर्माण करवाया जाए, शर्मा ने ज्ञापन देकर सुझाव दिया कि रेलवे के अधीन मेनाल ऑफिसर क्लब का कुछ क्षेत्र एवं सरकारी बंगले को अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर स्टेशन हाट रोड को अंडर ब्रिज से जोड़ कर दिनभर यात्रा करने वाले सैकड़ों रेल यात्रियों व पटरी पार रहने वाले हजारों नागरिकों को बढ़ते यातायात के दबाव से राहत पहुंचाई जा सकती है।

शर्मा ने ज्ञापन देकर मांग कि स्टेशन व पटरी पार क्षेत्र में एक भी खेल का मैदान नहीं है,इस स्थिति में रेलवे वर्कशॉप ग्राउंड का जीर्णोद्धार कर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ी सौगात हो सकती है,साथ ही मांग की,कि पटरी पार क्षेत्र में एक भी अच्छा गार्डन नहीं है,रेलवे माल गोदाम के सामने बने जंगल को पार्क के रूप में विकसित कर कॉलोनी वासियों को अच्छी सौगात दी जा सकती है।

इन सभी मांग एवं सुझावों पर मौके पर ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डीआरएम अनिल कालरा को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## बूंदी में जर्जर स्कूलों का मुद्दा और विधायक सी.एल. प्रेमी का बयान



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** बूंदी जिले के कांग्रेस जिलाध्यक्ष और केशवराय पाटन के विधायक सी.एल. प्रेमी ने स्कूलों की खराब हालत पर चिंता जताई है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार को स्कूलों की दुर्दशा पर ध्यान देना चाहिए ताकि झालावाड़ जैसे हादसे दोबारा न हों। उन्होंने सरकार से बजट में ऐसे स्कूलों की मरम्मत के लिए राशि आवंटित करने की मांग की, जिससे विद्यालय भवन मजबूत और सुरक्षित बन सकें। विधायक ने बताया कि बूंदी जिले में लगभग 70 से 80 स्कूल खराब स्थिति में हैं। बूंदी शहर की संजय कॉलोनी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय की हालत भी जर्जर है। स्थानीय निवासियों, नगीना मीणा और सुमित्रा रैगर के मुताबिक, बारिश में स्कूल की छत टपकती है, प्लास्टर उखड़ चुका है और ऊपर से मिट्टी गिरती रहती है। बाउंड्रीवॉल न होने के कारण शाम को असामाजिक तत्व यहां जमा हो जाते हैं, जिससे आए दिन चोरियां होती हैं। ऐसा ही हल रघुवीरपुरा स्कूल का है। प्रेमी ने कहा कि उन्होंने इस मामले को शिक्षा विभाग के अधिकारियों के सामने उठाया है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में 23 स्कूलों की मरम्मत के लिए 5 लाख रुपये दिए हैं, लेकिन जिले के कई स्कूल अभी भी खराब हालत में हैं, जिनकी जल्द मरम्मत होनी चाहिए। पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल के आरोपों पर सी.एल. प्रेमी का जवाब

पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल द्वारा लगाए गए कबाड़ी होने और चुनाव लड़ने के लिए अपात्र होने के आरोपों पर सी.एल. प्रेमी ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि वह कबाड़ी नहीं हैं। उन्होंने बताया कि उनके पूर्वज कबाड़ी का काम करते थे, इसलिए उनके नाम के साथ यह शब्द जुड़ा हुआ है।

## रोटरी क्लब के शिविर में 51 यूनिट रक्त संग्रहित

### रोटरी क्लब कोटा एवं केनब्रिज स्कूल का संयुक्त आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** रोटरी क्लब कोटा एवं केनब्रिज स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 51 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस शिविर में विद्यालय के स्टाफ व अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा में अपनी सहभागिता निभाई।

ब्लड डोनेशन चेयरमैन अमित ठाकुर एवं ब्लड डोनेशन डायरेक्टर संजय जैन ने जानकारी दी कि रोटरी क्लब कोटा इस वर्ष रक्त जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से शहरभर में रक्तदान शिविरों का आयोजन कर रहा है। शिविर की सफलता में पूर्व अध्यक्ष डॉ. विक्रांत माथुर एवं केनब्रिज स्कूल की प्राचार्य वंदना सिंह का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर अध्यक्ष- मनोज सोनी, सचिव नीरज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष उमेश गोयल, डॉ. शैफाली शर्मा, अमन जैन, संदीप चांदीवाला, नितिन अग्रवाल, राजकुमार जैन, गरिमा जैन एवं श्रद्धा ठाकुर उपस्थित थे।



**पीएम किसान उत्सव दिवस**

## कोटा में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय समारोह से जुड़े किसान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (दामोदर सिंह)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को पीएम किसान उत्सव दिवस के अवसर पर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वी किश्त जारी की गई। प्रधानमंत्री ने वाराणसी (उत्तरप्रदेश) में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस समारोह में 20 वी किश्त जारी की। इससे 9.70 करोड किसानों को लाभ मिलेगा । इसके अंतर्गत 20.500 करोड से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों मे स्थानान्तरित की गई । देश भर में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। राजस्थान राज्य के लगभग 76.00 लाख से अधिक कृषको को 1600.00 करोड़ से अधिक की राशि बैक खातों मे अंतरित की गई।

### राज. विधानसभा में आयोजित हुई चौथी युवा संसद

# दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ती जा रही है- देवनानी

### लोकतंत्र के जीवन्त संस्कार की शिक्षा है युवा संसद - संदीप शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/जयपुर।** तेरह राज्यों के 168 युवा जुटे राजस्थान विधान सभा में- देश के दस राज्यों राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तराखण्ड, हरियाणा, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, गोवा, कर्नाटक, गुजरात और तीन केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़ व नई दिल्ली के 55 विद्यालयों के कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के चयनित 168 युवा छात्र-छात्राओं ने आतंकवाद और पाक अधिकृत कश्मीर को खाली करवाने के प्रयासी पर संवाद किया। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दे के हल का मार्ग खोजने का प्रयास किया। विधान सभा सदन में 56 युवाओं ने तर्कों और तथ्यों के साथ निर्धारित समय में अपनी बात रखकर मर्यादित व्यवहार का आदर्श प्रस्तुत किया।

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा निरन्तर बढ़ती जा रही है। गौरवशाली भारत का लोकतंत्र और संविधान सुदृढ है। हम सभी को एकजुट होकर भारतीय राष्ट्र की संस्कृति के प्रति गर्व की अनुभूति करनी चाहिए। भारत प्राचीन काल से ही शिक्षा और विज्ञान की दृष्टि से समृद्ध रहा है।देश है तो हम है और यदि देश नहीं रहेगा, तो हमारा भी अस्तित्व नहीं रहेगा। वे राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के तत्वावधान में राजस्थान विधान सभा में आयोजित युवा संसद को सम्बोधित कर रहे थे।

देवनानी और संघ के सचिव संदीप शर्मा ने शनिवार को दीप प्रज्ज्वलित कर राजस्थान विधान सभा के सदन में चौथे युवा संसद का शुभारम्भ किया। देवनानी की पहल पर विधान सभा के सदन में तेरह राज्यों के 168 युवाओं ने देश की सुरक्षा से संबंधित अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर तो और तथ्यों के साथ संवाद किया। युवाओं ने पक्ष-विपक्ष में बैठकर राष्ट्रीय मुद्दों पर एकजुटता दिखाई।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में संदीप शर्मा ने युवा संसद की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा संसद बोलने, विरोध या समर्थन का ही अभ्यास नहीं है बल्कि यह लोकतंत्र के जीवन्त संस्कारों की शिक्षा है। उन्होंने कहा कि युवा संसदीय मर्यादाओं को समझे। जागरूक, विचारशील और उत्तरदायी बने। लोकतंत्र में केवल मत डालने तक भागीदारी सीमित ना रखे, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को सक्रियता से निभाएं। उन्होंने कहा कि युवा संसद प्रतिभाओं को सामने लाने के साथ ही इन्हें तराशने का भी काम कर रही है जिससे आने वाले समय में देश का संचालन करने वाले प्रशिक्षित राजनैताओं की पूरी पीढ़ी तैयार होगी। चुनाव जीतकर सदन में जाने से पूर्व ही यह लोग सदन की




कार्यप्रणाली से पूरी तरह परिचित होंगे। इसलिए राष्ट्रनिर्माण और नीति निर्धारण में रूचि रखने वाले युवाओं को युवा संसद से अवश्य जुड़ना चाहिए।

समारोह में राजस्थान विधान सभा के प्रमुख सचिव भारभूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक श्री के.के. शर्मा, एस.एम.एस. विद्यालय के चेयरमेन विक्रमादित्य और प्राचार्य श्रीमती ज्योति सहित विधान सभा के अधिकारीगण और विद्यालय के शिक्षकगण मौजूद थे।

# डाक कावड़ियों का दल गंगाजल लेकर पहुचेगा कल

## सावन के अंतिम सोमवार को कस्बे के विभिन्न देवालयों पर करेगा जलाभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर के भक्तराज हनुमान मंदिर से 02 अगस्त शनिवार को सुबह 11 बजे 31 सदस्यीय दल द्वितीय डाक कांवड़ लेने सोरोंजी ( गंगाजी)के लिए रवाना हुआ। मंदिर के महंत मुकेश पंडित ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिव भक्त कपिल पंडित ने बताया कि यह भक्तराज हनुमान मंदिर से दूसरी बार डाक कांवड़ लेने के लिए दल रवाना हुआ है। शिव भक्तो द्वारा पूजा अर्चना उपरांत नगर परिक्रमा काव ंलेने के लिए रवाना हुआ। नगर परिक्रमा पर कस्बे के नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ कावड़ियों का अभिवादन किया टीका लगाकर सुखद यात्रा की कामनाएं की।

# स्कूलों में रिपेयरिंग कार्य तुरंत करने के निर्देश

## उपखंड अधिकारी अमन चौधरी और एमसीबीओ रामगोपाल मीना ने किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/सरमथुरा ( राजू शर्मा )।** गुरुवार को एसडीएम अमन चौधरी तथा एसीबीओ रामगोपाल मीणा द्वारा सरमथुरा उपखण्ड की ग्राम पंचायत बीलौनी, चंद्रावली, इंद्रपुरा, बथुआ खो, बीलौनी, कोटे, कन्हि यापुरा आदि विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। एसडीएम द्वारा क्षतिग्रस्त विद्यालयो में स्टाफ को क्षतिग्रस्त कमरों से दूर रहने व बच्चो को भी दूर रखने के निर्देश दिए। वहीं क्षतिग्रस्त कमरों के आगे सूचना लिखने के निर्देश दिए। बथुआ खो विद्यालय स्टॉफ द्वारा स्कूल के ट्रांसफार्मर से ग्रामीणों द्वारा अवैध कनेक्शन लेने की शिकायत पर एसडीएम द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए विद्युत विभाग के एईएन को अवैध कनेक्शन हटाने के लिए निर्देशित किया गया। एसडीएम द्वारा सभी विद्यालयों में माइनर कैटेगरी के कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वही मेजर कार्यो के लिए लिखित में देने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि झालावाड़ की घटना और अब भारी बारिश के चलते क्षतिग्रस्त भवनों का जायजा लिया जा रहा है। जल्द ही इस का समाधान किया जाएगा।

इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके चलते उच्च अधिकारियों व सरकार के निर्देशानुसार समस्त विद्यालयों को गहन निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे समस्त विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। अवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं।

# लंबित प्राणों को जल्द से जल्द निपटाएं- दिगंत आनंद



बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)। नव नियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने भुसावर थाने का औचक निरीक्षण किया। उनके पहुंचने पर पुलिसकर्मियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। यह उनका भुसावर थाने का पहला निरीक्षण था।एसपी आनंद ने थाने के विभिन्न कक्षों, वेरक, मैस, सहित क्वाटर्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थानाधिकारी नरेश चंद शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल से क्षेत्र की कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। जिला पुलिस अधीक्षक ने थाने में लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। साथ ही वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी पर जोर दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों से परिचय करते हुए आमजन में विश्वास पैदा करने और उनके साथ मित्रतापूर्ण व्यवहार करने की बात कही।

# आज 5 घंटे बंद रहेगी बिजली:132 केवी स्टेशन और 33 केवी फीडर पर होगा मरम्मत कार्य

## बाड़ी शहर और ग्रामीण क्षेत्र होंगे प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी में जयपुर विद्युत वितरण निगम के 132 केवी स्टेशन धौलपुर रोड खानपुर गुर्जर गांव पर शनिवार को रखरखाव एवं मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। इस दौरान स्टेशन से निकलने वाले सभी 33/11 केवी फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जयपुर डिस्कॉम के कनिष्क अभियंता कुलदीप शर्मा ने बताया कि 2 अगस्त शनिवार को 132 केवी स्टेशन खानपुर गुर्जर से निकलने वाले फीडरों पर मरम्मत कार्य होगा। इसमें बाड़ी शहर के तिवरिया मंदिर और संत नगर रोड शामिल हैं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के रामसागर फीडर, सेवरपाली फीडर और कंचनपुर फीडर भी प्रभावित होंगे। बिजली आपूर्ति शनिवार सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी।

# कुमावत समाज राजसमंद ने किया एसपी डॉ ममता गुप्ता का स्वागत




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** कुमावत समाज राजसमंद की ओर से नव नियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक डॉ ममता गुप्ता का श्री कुमावत समाज रुणपछौर चौकी संस्थान कांकरोली समाज अध्यक्ष सुंदरलाल दौराया के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने स्वागत किया। मीडिया प्रभारी अशोक कुमावत ने बताया कि एसपी डॉ ममता गुप्ता को समाज की ओर से प्रभु श्रीराम की छवि और इकलाई भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंत्री सुंदरलाल सिंगलवाल, कोषाध्यक्ष मोहनलाल मानणिया, तेजराम रेवाडिया, बंशीलाल पालडीया सहित अनेक समाजबंधु शामिल थे।

# रास्ता काटने के बाद भी चहलपुरा वासियों को जलभराव से नहीं मिली राहत

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/सरमथुरा ( राजू शर्मा )।** गांव चहलपुरा में प्रशासन द्वारा बारिश एवं ऊपरी क्षेत्र से स्टोरेज हो रहे पानी को आगे निकालने के लिए दो जगह से आम रास्ते को काटे जाने के प्रयास भी काम नहीं आए हैं। जितना पानी सड़क काट के निकाला जा रहा है उससे ज्यादा पानी बारिश और ऊपरी क्षेत्र से लगातार चहलपुरा पहुंच रहा है। ऐसे में सड़क काटकर की गई जल निकासी के बावजूद स्थानीय वाशिंदों को जल भराव की समस्या से पूरी तरह राहत नहीं मिल पाई है। उल्लेखनीय है कि 2 दिन पहले तहसीलदार नाहर सिंह के द्वारा इलाके के कई गांवों का दौरा कर जल भराव की चपेट में आने से परेशान लोगों की समस्या सुनने के साथ मौके पर जाकर हालातो का जायजा लिया था। एक दिन पहले बुधवार को तहसीलदार ने चहलपुरा और परौआ सड़क मार्ग को दो स्थानों से काटकर पानी निकासी शुरू करा दी। लेकिन सड़क काटने के बाद जितनी मात्रा में आगे की तरफ पानी जा रहा है उससे ज्यादा तादाद में खेतों के रास्ते पानी गांव पहुंच रहा है। इलाके में लगातार हो रही बारिश ने परेशानी को और बढ़ा दिया है। चहलपुरा निवासी पूर्व चेयरमैन श्यामवीर सिंह परमार गुड्डू सिंह परमार अमित परमार आदि ने बताया कि उनके घरों के चारों ओर पानी भरा हुआ है। लगातार खेतों की तरफ से पानी आने से उनके मकान की चौखट तक पानी पहुंच चुका है। जिसके चलते गंदगी और कीड़े मकोड़े घरों में पहुंच रहे हैं। जल भराव की स्थिति पैदा होने से गांव के लोग घरों से बाहर आवागमन के लिए परेशान हैं।

तहसीलदार नाहर सिंह ने बताया कि एक दिन पहले एसडीएम कर्मवीर सिंह के निर्देश पर उन्होंने जेसीबी मशीन ले जाकर दो जगह सड़क काटकर पानी की निकासी कराई थी, लेकिन ऊपर से लगातार पानी की आवक ज्यादा होने के कारण हो सकता है गांव में अभी भी जल भराव की स्थिति हो। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जलभराव होने से लोग घरों में कैद हो गए हैं। इस कारण लोगों को जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। लोगों की मांग है कि प्रशासन के द्वारा इस समस्या से निजात दिलाने के लिए आवयक कदम उठाए जाएं। जिससे कि लोगों को राहत मिल सके।

# पाटौर पोश मकान की टूटी पट्टियाँ, वृद्ध दम्पति की मौत



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर की निकटवर्ती ग्राम पंचायत दीवली के गाँव बौराज में गत रात्री को पाटौर पोश मकान की पट्टियां टूटकर गिरने से ,नीचे सो रहे बुजुर्ग दंपती की मौत हो गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे दंपती को बाहर निकालकर गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव बौराज निवासी 70 वर्षीय टुंडा राम मीणा पुत्र धनीराम मीणा अपनी 60 वर्षीय पत्नी जग्गो देवी के साथ अन्य दिनों की तरह पाटौर पोश घर में सोए हुए थे। शुक्रवार रात अचानक मकान की पट्टियां भरभरा कर गिर गईं, जिससे दोनों पति-पत्नी मलबे के नीचे दब गए। धमाके की आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों को बाहर निकालकर भुसावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के सबको पोस्टमार्टम के लिए दिसावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम करवाया।

# स्वर्णकार समाज की चंचल बनी अध्यक्ष, कार्यकारिणी गठित



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** माहौर स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने वृंदावन गार्डन में समाज की अध्यक्ष चंचल सोनी की अध्यक्षता में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने नवीन महिला अध्यक्ष चंचल सोनी का स्वागत किया। महामंत्री ऋचा सोनी, उपाध्यक्ष राजकुमारी सोनी, नीतू सोनी, मोहिनी सोनी, नीलम सोनी, कोषाध्यक्ष रूचि सोनी, सहकोषाध्यक्ष मनीषा सोनी व मंत्री संगीता सोनी, आरती सोनी, नीलम सोनी, कृष्णा सोनी, जागृति सोनी, यामिनी सोनी तथा वरिष्ठ सदस्य राजरानी सोनी, सरला सोनी, सीमा सोनी आदि का समाज की महिलाओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर महिलाओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। समाज की सीमा सोनी को ब्यूटी क्वीन अवॉर्ड से नवाजा। इस अवसर पर समाज की रोहिणी सोनी, मोहिनी सोनी, सीमा सोनी, लक्ष्मी सोनी, रेणु सोनी, दिव्यांशी सहित महिलाएं मौजूद रहीं।

# चोरों द्वारा शटर तोड़ने का प्रयास, जाग होने से भागे चोर


बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर कस्बे में गत रात्री को चोरों ने दो किराने की दुकानों की शटर तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। एक ओर जहाँ कस्बे के मुख्य बाजार पुरानी सब्जी मंडी स्थित श्रीनाथ किराना स्टोर एवं दीवाली सड़क मार्ग स्थित हिमांशु किराना स्टोर को निशाना बनाया। श्रीनाथजी किराना स्टोर के मालिक योगेश अग्रवाल ने बताया कि चोरों द्वारा नुकीले औजारों से दुकान का सरदार तोड़ने का प्रयास किया गया दुकान के ऊपर रहने वाले व्यक्तियों को आवाज सुनाई दी ललकारने पर चोर मौके से फरार हो गए हिमांशु किराना स्टोर के मालिक गोविंद ने बताया कि दुकान पर आवाज आने पर हमारे जागने की आवाज सुनकर वहां उपस्थित लोग भाग गए। सूचना पर मौके पर पुलिस ने जायजा लेकर दुकानदार राम द्वारा बताए गए वाक्य के अनुसार तलाश शुरू करदी है।

# गणेश महोत्सव को लेकर पाताल देवी गणेश नवयुवक मंडल की बैठक

## लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बने अध्यापक मनोज सोनी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के पाताल देवी मंदिर पर अष्टम गणेश महोत्सव कार्यक्रम को को लेकर गणेश नवयुवक मंडल के सभी सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गणेश महोत्सव कार्यक्रम को कैसे सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान नवीन कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से अध्यापक मनोज कुमार सोनी को लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी गिरीश गोयल कि अध्यछता में हुए इस निर्वाचन में अध्यक्ष मनोज कुमार सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव बंसल, उपाध्यक्ष उदित बंसल, महामंत्री लोकेश मंगल, कोषाध्यक्ष कृष्णा शर्मा, व्यस्थापक नरेश शाक्य, पंकज मंगल, पिंटू सैन, सूचना मंत्री चंद्रकांत शर्मा, अतुल मंगल, संरक्षक विमल गर्ग, विपुल सिंघल, गिरीश गोयल, पकंज मंगल, भंडारी प्रभारी संकेत सिंघल, जय मंगल, प्रिंस मंगल, दीपांशु शर्मा, संचालक सतीश प्रजापति, छीतो पुजारी,मनीष गोयल, रामनिवास शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है।

बैठक के दौरान आकाश मंगल, सोनू गोयल, आलोक शर्मा, विजय सर्राफ, आकाश शर्मा, गौरव शर्मा, मनीष बंसल, राहुल गर्ग, अतुल गर्ग,गौरव बंसल, जय दीक्षित, देवेंद्र मंगल, जय मंगल, उजाला शर्मा, संगीत शर्मा, कल्पेश शर्मा, तरुण शर्मा, सूरज गर्ग, मयंक शर्मा, मनोज शर्मा, पुनीत गोयल, प्रमोद दिवाकर, नीरज शर्मा, रोबिन बंसल, रोहित सिंघल, हिमांशु मंगल, शुभम, उदित बंसल, सुमित सहित दर्जनों सदस्य मौजूद रहे।

# साइकिल यात्री जयदेव मेटी को श्री हरिदत्त ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स, सेवर में दी गई भावभीनी विदाई

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** कलकत्ता के सुंदरवन जिले से आरोग्य भारती द्वारा प्रारंभ हेलमेट लगाओ, जलाशयों को पॉलीथिन मुक्त करो एवं जलस्त्रोतों के संरक्षण के लिए देशभर में जनजागृति फैलाने हेतु निकाली गई साइकिल यात्रा अपने 11 महीने 6 दिन पूरे करने के पश्चात राजस्थान में अंतिम पड़ाव पर पहुँची। इस अभियान के प्रेरणादायक यात्री जयदेव मेटी को आज श्री हरिदत्त ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स, टेक्नोलॉजी पार्क, सेवर में भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक, प्राचार्य एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों ने श्री मेटी के जज्बे को सराहा और अपने विचार साझा किए- डॉ. आलोक शर्मा (निदेशक) ने कहा जयदेव मेटी जैसे प्रेरक व्यक्तित्व देश के युवाओं को एक नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। पर्यावरण और सुरक्षा के प्रति उनकी यह यात्रा अत्यंत सराहनीय है। श्री हरिदत्त संस्थान सदैव ऐसे प्रयासों को समर्थन देता रहेगा। प्राचार्य त्रेता देवी ने कहा छात्रों के सामने जयदेव मेटी एक जीवंत उदाहरण बनकर आए हैं कि व्यक्तिगत प्रयास भी समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। उनका संघर्ष और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है। डॉ. नीलम सिंह ने कहा पर्यावरण सुरक्षा और हेलमेट जागरूकता जैसे विषयों पर देशभर में साइकिल यात्रा करना न केवल शारीरिक साहस का कार्य है बल्कि सामाजिक दायित्व की मिसाल भी है। हम उनके प्रयासों के प्रति कृतज्ञ हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने जयदेव मेटी के अनुभव सुने और पर्यावरण व सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के अंत में उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न देकर विदाई दी गई।

# राजसमंद पुलिस की बड़ी कार्रवाई,जुआ खेलते 25 लोगों के गिरोह को दबोचा



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** नवनियुक्त एसपी ममता गुप्ता के निर्देश पर कांकरोली थाना पुलिस ने डीएसटी टीम की सूचना पर टीवीएस चौराहा इलाके में एक निजी मकान में दबिश देकर जुआ खेलते हुए 25 लोगों के गिरोह को धर दबोचा है।

कांकरोली थानाधिकारी हंसा राम ने बताया कि एसपी ममता गुप्ता के निर्देश पर सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने टीवीएस चौराहा स्थित एक निजी मकान में दबिश दी। पुलिस की कार्रवाई को देखकर आरोपियों ने मौके से भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने घेरा डालकर सभी 25 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों के बैकग्राउंड और इस रैकेट को लेकर गहनता से पूछा इसमें जुटी है।पुलिस ने सभी को आज राजसमंद न्यायालय में पेश किया है।

# डकैती की योजना बनाने वाला आरोपी महेश गुर्जर गिरफ्तार

## घटना में शामिल दो आरोपियान मोहरसिंह उर्फ मोहरिया व राहुल वर्मा को पहले ही किया जा चुका है गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** वृत्त क्षेत्र के थाना बानसूर पुलिस ने डकैती की योजना बनाने वाले आरोपी महेश गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार आरोपी महेश गुर्जर के खिलाफ अनेक थानो में विभिन्न धाराओं में करीब डेड दर्जन से भी अधिक मामले दर्ज हैं।गिरफ्तारशुदा आरोपी महेश गुर्जर हरसौरा थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीसीटर है।उक्त कार्यवाही कोटपूतली बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व बानसूर वृतांधिकारी दशरथ सिंह के निकटतम सुपरविजन में एक टीम का गठन किया गया।टीम का नेतृत्व बानसूर थानाधिकारी सुरेन्द्र मलिक को सौंपा गया।टीम में कांस्टेबल रविन्द्र कुमार व राकेश कुमार शामिल रहे।गठित टीम को खास मुखविर की सूचना पर जानकारी मिली कि मुल्ज़िम केन्द्रीय करागृह में निरुद्ध है।जिसमें त्वरित कार्यवाही करते हुए मुल्ज़िम महेश गुर्जर को प्रोडेक्सन वारंट पर गिरफ्तार कर अनुसन्धान प्रकरण में गिरफ्तार किया गया।प्रकरण में शेष वांछित मुल्ज़िमान की तलाश जारी है।

## मामी-भांजे ने किया सुसाइड, दोनों के बीच था अफेयर

**भरतपुर।** भरतपुर में महिला ने भांजे और 12 साल के बेटे के साथ सामूहिक सुसाइड कर लिया। शनिवार सुबह 6:30 बजे तीनों के शव दुकान के बाहर पड़े मिले। मामला सेवर थाना इलाके का है।

महिला के भाई ने पुलिस पर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है- पुलिस ने मेरी शिकायत रात को ही सुन ली होती तो तीनों की जान बचाई जा सकती थी।

# अपरसैशन न्यायाधीश ने 145 की कार्रवाई को निरस्त कर कृषि भूमि पुजारी पक्ष को सौंपने का सुनाया फैसला

बढ़ता राजस्थान

**वैर / भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** समीप बर्ती गांव गोठरा में मंदिर एवं मंदिर की कृषि भूमि से संबंधित चर्चित मामले में अपर सैशन न्यायाधीश मोहित द्विवेदी ने दिनांक 15 जुलाई 25 को निगरानी स्वीकार करते हुए अधीनस्थ न्यायालय उपखंड मजिस्ट्रेट वैर द्वारा पारित आलोच्य आदेश दिनांक 6 अगस्त 2024 को अपास्त करते हुये रिसीवर एस एच ओ वैर को आदेशित किया है कि विवाद ग्रस्त नृसिंह भगवान मंदिर की जमीन को रिसीवर से बाग उजार कर निगरानीकारान को सुपुर्द किया जाये। प्रकरण के अनुसार गांव गोठरा के निवासियों एवं पूरन आदि पुजारी के मध्य मंदिर एवं उसकी भूमि को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया जिसे प्रशासन ने समझाइश के द्वारा हल करने का प्रयास किया पर बात नही बनी तथा शान्ति स्थापित नहीं हुई । संक्षिप्त तत्थो के मुताबिक अधीनस्थ न्यायालय उपखंड मजिस्ट्रेट वैर के धारा 145 दंड प्रक्रिया संहिता हाल 164 भारतीय ना. सु. सं. में पारित आपेक्षित आदेश दिनांक 6 अगस्त 2024 के विरुद्ध निगरानी याचिका राज्य सरकार और अन्य के विरुद्ध प्रस्तुत करते हुए बताया कि थाना अधिकारी वैर की ओर से एक इस्तगासा अंतर्गत धारा 145 दंड प्रक्रिया संहिता प्रथम पक्ष पूरन वगैरह व द्वितीय पक्ष राकेश वगैरा के विरुद्ध पेश कर कथन किया है कि गांव गोठरा थाना वैर में नृसिंह भगवान का मंदिर है।

मंदिर के नाम 3.69 हेक्टेयर खेती की जमीन है मंदिर की सेवा पूजा पूरनमल बैरागी जो पूर्व में जहाज का रहने वाला था पूजा पाठ करता है तथा पूरनमल व इसके परिवार के लोग खिल्लो उर्फ राम खिलाड़ी, नवल, वीरेंद्र, केसरिया वगैरा मंदिर की जमीन पर खेती करते हैं तथा खेती से हुई उपज को अपने काम में लेते हैं। इन्होंने मंदिर में कुट्टी करने की मशीन, चारपाई, जलाऊ लकड़ी, अनाज के कट्टे तथा मंदिर परिसर में मवेशी बांध रखे है। गांव वाले इनसे मना करते हैं तो यह नहीं मानते।

इसी प्रकार गांव वासी एवं पुजारी के मध्य एक दूसरे पर अनेक प्रकार के आरोप लगाते हुए विवाद होते रहे यहां तक की गांव वालों ने नृसिंह भगवान की अष्ट धातु की मूर्ति चोरी करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करवा दिया। विवाद बढ़ता देख उपखंड मजिस्ट्रेट वैर ने कृषि भूमि को 145 के अंतर्गत कार्रवाई करने के आदेश पारित कर दिए जिस पर निगरानी पुजारी पक्ष द्वारा राजस्थान सरकार व गांव वासियों के विरुद्ध प्रस्तुत की गई थी।जो एडीजे द्वारा स्वीकार की गई जिसमें न्यायाधीश ने थानाधिकारी को आदेश दिया कि वह रिसीवर से आराजी को मुक्त किया जाकर कृषि भूमि को निगरानी कार पुजारियो को सुपुर्द किया जावे ।

# उच्चतम न्यायालय के जज मेहता ने किए श्रीनाथजी के दर्शन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संदीप मेहता ने शनिवार को सपरिवार प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन किए । सुबह नो बजे नाथद्वारा पहुँचे न्यायाधीश ने प्रभु श्रीनाथजी की राजभोग झांकी के दर्शन किए,

मेहता मंदिर के सेवादार की पारंपरिक वेश भूषा धोती अंगरखी में दर्शन करने पहुचे ।दर्शनोपरांत मंदिर मंडल की परंपरा अनुसार कृष्ण भंडार के अधिकारी सुधकार उपाध्याय ने महाप्रभुजी की बैठक में रजाई व उपरना ओढ़ाकर व श्रीजी का प्रशाद भेंट कर उनका स्वागत किया । इस दौरान मंदिर मंडल के सहायक अधिकारी अनिल सनाढ्य, सचिव लीलाधर पुरोहित, कैलाश पालीवाल व वृत निरीक्षक सहित अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व अधिकारीयों ने श्रीनाथजी मंदिर पहुँचने पर न्यायाधीश की अगवानी की ।

# एलीवेटेड रोड के निर्माण को मिली प्राथमिकता

# सांसद सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उठे कई अहम मुद्दे

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** स्थानीय कलक्ट्रेट सभागार में सांसद सड़क सुरक्षा समिति की अहम बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता सांसद दामोदर अग्रवाल ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अशोक कोठारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला कलेक्टर, एडीएम सिटी, पुलिस अधीक्षक, नगर निगम, यूआईटी, ट्रैफिक पुलिस अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि बैठक में सबसे प्रमुख रूप से गायत्री आश्रम चैराहा से रिलायंस मॉल तक प्रस्तावित एलीवेटेड रोड की प्रगति की समीक्षा की गई। लगभग 303 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस एलिवेटेड रोड के लिए ट्रैफिक विजिबिलिटी रिपोर्ट को मंजूरी मिल चुकी है। सांसद अग्रवाल ने बताया कि डीपीआर की स्वीकृति के लिए प्रदेश सरकार को पत्र भेजा जा चुका है और अब इसका शीघ्र फॉलोअप कर निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह एलिवेटेड रोड भीलवाड़ा शहर के लिए अत्यंत आवश्यक है और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर जल्द से जल्द बनवाया जाएगा, जिससे शहरवासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिल सके और आधुनिक तकनीक से सुसज्जित यातायात सुविधा प्राप्त हो। बैठक में दूसरा प्रमुख मुद्दा शहर के व्यस्त चैराहों पर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था का रहा। सांसद ने निर्देश दिए कि पुराने बस स्टैंड, गंगापुर तिराहा, अजमेर तिराहा, रोडवेज बस स्टैंड चैराहा व अन्य प्रमुख स्थानों पर जहां ट्रैफिक लाइटें नहीं लगी हैं, वहां शीघ्र लाइटें लगाई जाएं तथा जिन स्थानों पर लाइटें लगी हैं, वे सुचारू रूप से कार्य करें। बैठक में तीसरा बड़ा मुद्दा शहर में अनावश्यक रूप से बनाए गए स्पीड ब्रेकरों का रहा। चर्चा के दौरान यह सामने आया कि इनसे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सांसद ने निर्देश दिए कि ऐसे ब्रेकरों को चिन्हित कर अभियान चलाकर हटाया जाए। जहां आवश्यकता है वहां तकनीकी रूप से सही मानकों पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं। शहर के भीड़-भाड़ वाले प्रमुख मार्गों पर एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू करने पर भी बैठक में विस्तृत चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि ट्रैफिक पुलिस एवं यूआईटी द्वारा संयुक्त सर्वे किया जाए और तदनुसार ऐसे मार्गों की पहचान कर एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू की जाए जिससे जाम की समस्या से राहत मिल सके। बैठक में लिए गए सभी निर्णयों को शीघ्र अमल में लाने का भरोसा सांसद दामोदर अग्रवाल ने दिलाया और कहा कि भीलवाड़ा शहर को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यातायात की दिशा में ले जाना समिति का उद्देश्य है।

बैठक के अंत में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर आगामी कार्ययोजना तैयार करने के लिए कहा गया।

## ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन ने विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया




बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के तत्वावधान में शनिवार को दीवाना शाह उर्स मेले में विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी अनुसार ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन द्वारा ताल्लुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कपासन महेंद्र सिंह सोलंकी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चितौड़गढ़ के निर्देशानुसार प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह के 84वें तीन दिवसीय उर्स मेले के दूसरे दिवस शनिवार को दरगाह परिसर में विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का आयोजन अधिकार मित्र प्रकाश सुथार द्वारा किया गया। जिसमे रालसा एवं नालसा की विभिन्न योजनाओं, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, नालसा हेल्पलाइन 15100,मध्यस्थता से निस्तारण, लोक अदालत, विशेष रूप से सक्षम व्यक्ति, सीनियर सिटीजन के अधिकारों संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

## राजस्थान जनमंच ने किया नंद किशोर महाराज के सानिध्य में पौधारोपण

### अध्यक्ष कैलाश सोनी के नेतृत्व में तिलक नगर सेक्टर नंबर 8 के पार्क में लगाए 21 विभिन्न प्रजातियों के पौधे



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** राजस्थान जनमंच द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु 21 विभिन्न प्रजातियों के पौधे वृंदावन धाम से पधारे संत नंद किशोर भारद्वाज महाराज के सानिध्य में भाजपा नेता राजस्थान जन मंच अध्यक्ष कैलाश सोनी के नेतृत्व में तिलक नगर सेक्टर नंबर 8 के पार्क में चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण में पौधारोपण कर लगाए गए। भाजपा नेता राजस्थान जन मंच अध्यक्ष कैलाश सोनी ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम में पीपल, बरगद, नीम, अशोक सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए साथ ही मंदिर के पुजारी द्वारा पौधों की रखरखाव पानी पिलाने की जिम्मेदारी ली। इस दौरान रोहित भरावा, कमलेश भारती, शिवप्रकाश चन्नाल, जगदीश सेन, पुष्कर सुथार, सुमित खोईवाल, भानु सालवी, दीपक प्रजापत, राहुल मीणा, मनोज कटवाल, सावरा भरावा, राजकुमार प्रजापत सहित राजस्थान जन मंच कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सांसद जोशी रविवार को सामरी पंचायत में एक पेड़ मां के नाम लगाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** गांव सामरी ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम वन एवं पर्यावरण अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण लगाया जाएगा सावा ओबीसी मंडल अध्यक्ष उदय लाल गुर्जर ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम वन एवं पर्यावरण अभियान के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चित्तौड़गढ़ के सांसद सी.पी जोशी भाजपा जिला अध्यक्ष रतनलाल गाडरी, मिट्ठू लाल जाट, कर्नल सिंह काकरवा चित्तौड़ विधानसभा संयोजक राजू अग्रवाल शंभूपुरा, कूकाराम डांगी, शंकर लाल गुर्जर दिलखुश जाट,व पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान में उपस्थित रहेंगे।

## आज कुल की फातिहा के साथ कपासन में प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह के तीन रोजा उर्स का समापन

### कल सोमवार को मुख्य मजार के पट आम जायरीन के दर्शनों हेतु खुलेंगे

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. के 84वें तीन रोजा उर्स मे संदल पेश करने की रस्म अदा की गयी। यहां रविवार को कुल की फातिहा के साथ तीन दिवसीय 84वें उर्स का समापन होगा। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी ने बताया कि शुक्रवार बाद नमाज़ ईशा के महफिलें मिलाद बाद महफिलें समा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे 31 कव्वाल पार्टियो द्वारा अपने कलाम पेश कर दाद बटोरी एवं आशिके दीवाना द्वारा दिल खोल कर इनाम दिया गया।बाबा हुजूर के उर्स मे देश के कौने-कौने से जायरीन की आवक है। मेहमानाने दीवान पिया को 70 फिट उंचा बुलन्द दरवाजा दूर से जगमगाता हुआ दिखाई देता है। तो दिल को सुकून मयस्सर होता है। हर तरफ दीवाना-दीवाना की सदाऐ,आशिके दीवाना के लंगरखाने एवं दर्शन हेतु लम्बी-लम्बी कतारे, धूणा मे मस्त मलंग, औलिया मस्जिद मे इबादतो रियाजत मे मशकूल दीवाने, आयशा मस्जिद मे इबादत मे मसरूफ मस्तुरात, मैला ग्राउण्ड मे खरीदारो की भीड़ तो झूला-चकरी, डोलर एवं खिलोने की दूकानो पर बच्चो के साथ बड़ों का हुजूम, खुशबू से महकता आस्ताना ए आलिया मे हर शख्स अदब से चादर, इत्र, फूल पेशकर रो-रो कर अपना दुखडा बाबा को सुनाता हुआ।यह दिल मे है कि में इन्हे नही देख रहा हूँ। मगर यह तो मुझे देख रहे है। यह बाबा हुजूर के 84वें उर्स का हसीन मंजर। इधर दरगाह वक्फ कमेटी कपासन के सदर अनवर अहमद छीपा ने बताया कि रविवार प्रात: बाद नमाज फजर के देग का खाना तकसीम होगा। कुल की महफिल 8 बजे शुरू होगी। जोहर की अज़ान से पूर्व कुल की फातिहा के साथ उर्स सम्पन्न होगा।साथ ही सोमवार को मुख्य मज़ार के पट आम जायरीन के दर्शन हेतु खोले जायेगें। यहां आम जायरीन के दर्शन हेतु साल मे एक बार ही यह पट खोले जाते है।साथ ही 6 क्विंटल चावल,6 क्विंटल शक्कर,12 टीन देशी घी, 1.5 क्विंटल सुखा मेवा सभी एक साथ देग मे डालकर पकाये जाते है। दरगाह शरीफ पर ये देग साल मे दो बार बनाई जाती है।

## शिव महापुराण कथा के लिए घर-घर पीले चावल पहुंचा आमंत्रण देंगी मातृशक्ति

### शिव महापुराण कथा आयोजन समिति कार्यालय पर महिला कार्यकर्ताओं की बैठक



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** धर्मनगरी भीलवाड़ा शहर में पहली बार प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से 9 से 15 सितम्बर तक संकटमोचन हनुमान मंदिर के महन्त बाबूगिरी महाराज के सानिध्य में होने वाली शिव महापुराण कथा आयोजन में मातृशक्ति की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को कथा आयोजन समिति के कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें भीलवाड़ा के विभिन्न महिला संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए ओर आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में शिव महापुराण कथा आयोजन समिति की महिला संयोजक मंजू पोखरना ओर सह संयोजक अलका जोशी ने बताया कि इस भव्य धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में भीलवाड़ा की मातृशक्ति किस तरह सहयोग कर सकती है। बैठक में तय किया गया कि कथा के लिए भीलवाड़ावासियों को आमंत्रित करने महिला कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर पीले चावल वितरित किए जाएंगे। क्षेत्रवार महिला समितियों का गठन किया जा रहा है जो अपने-अपने क्षेत्र के परिवारों से सम्पर्क कर उन्हें इस भव्य कथा आयोजन में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगा। प्रत्येक 100 घरों पर एक-एक प्रभारी की भी नियुक्ति की जाएगी जो अपने प्रभार वाले परिवारों को कथा से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## नरेंद्र सिंह झाला गंगधार तहसील अध्यक्ष मनोनीत

### करणी सेना परिवार ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** करणी सेना परिवार राजस्थान टीम जीवन सिंह शेरपुर द्वारा नरेंद्र सिंह झाला निवासी मकोडिया पारापीपली को गंगधार तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। करणी सेना परिवार राजस्थान टीम के गंगाधर नव नियुक्त तहसील अध्यक्ष नरेंद्र सिंह झाला का करणी सेना परिवार और मित्र मंडल की ओर से माल्यार्पण कर मुह मीठा करवाकर स्वागत किया गया। जिसमे झालावाड़ ग्रामीण जिला अध्यक्ष लाल सिंह ,पूर्व तहसील उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, कालू सिंह झाला, कृष्ण पाल सिंह, धीरप सिंह झाला मौजूद रहे। नरेंद्र सिंह झाला ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## भूरीभड़ाज में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन, 150 मरीज लाभांवित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम भूरीभड़ाज में शनिवार को श्रीनाथ हास्पिटल बानसूर व कोटपूतली एवं जयपुर की चिकित्सकीय टीम के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 150 मरीजों ने लाभ उठाया और अनुभवी चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। भूरी के ठाकुर जी मंदिर महंत पोखर दास व ब्रह्मजोड़ी के महंत हरिदास महाराज के सान्निध्य एवं शिक्षाविद जीएल यादव की अध्यक्षता में शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर संयोजक पूर्व पंचायत समिति सदस्य हरिद्वारी लाल स्वामी ने बताया कि शिविर में हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा गंभीर बिमारियों से बचाव के सुझाव दिये गये। शिविर में दूरबीन द्वारा अपेंडिक्स, हर्निया, पथरी, प्रोस्टेट, बच्चेदानी का ऑपरेशन, छोटी बड़ी गांठ का सफल ऑपरेशन के सुझाव दिये गये। मौसमी बिमारियों सिरदर्द, खांसी, बुखार, डेंगू, चिकनगुनियां, छाती में दर्द, सांस फूलना, हार्ट अटैक, बीपी का बढ़ना, शुगर, थायराईड, अस्थमा एवं सांस की बिमारी की जानकारी दी गई।

### दैनिक बढ़ता राजस्थान की खबर पर लगी मोहर

## डॉ. सीमा बाबेल को चिकित्सा विभाग ने थमाया नोटिस

बढ़ता राजस्थान


बढ़ता प्रादेशिक | जयपुर | बुधवार, 18 जून, 2025 | www.badhatarajasthan.in

डॉ. सीमा बाबेल पर बाहर की जांच व दवाइयों से खर्च बढ़ाने का आरोप, जिम्मेदार कब लेंगे जवाबदेही?

निम्बाहेड़ा जिला चिकित्सालय बना 'रेफर सेंटर' गर्भवती महिलाओं के शोषण का आरोप

**निंबाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** नगर परिषद निम्बाहेड़ा क्षेत्र में स्थित जिला चिकित्सालय में डॉक्टर सीमा बाबेल द्वारा गर्भवती महिलाओं को अंतिम समय पर रेफर कर देती है जिसकी खबर दैनिक बढ़ता राजस्थान में 18 .06 2025 को प्रकाशित की गई थी जिसके आधार पर जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ राघव सिंह ने डॉक्टर सीमा बाबेल को नोटिस दिया जिसमें लिखा गया कि कल्याणपुरा गांव की महिला ज्योति कीर को आप द्वारा प्रसव पूर्व उपचार किया जा रहा था परंतु प्रसव दर्द आने पर उसे खून की कमी बता कर चित्तौड़गढ़ रेफर कर दिया जाता है एवं इससे पूर्व भीकई गर्भवती महिलाओ को प्रसव पूर्व उपचार के बावजूद भी अंतिम समय में रेफर कर दिया जाता है आप द्वारा बाहर की जांच एवं दवाइयां लिखी जाती है उक्त का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई हेतु उच्च अधिकारी को लिखा जाएगा।

अब देखना यह होगा कि सीमा बाबेल नोटिस के जवाब में क्या प्रति उत्तर दिया जाता है और अपने व्यवहार में क्या सुधार किया जाता है।

## जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने गंगधार थाने का दौरा किया

### जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना और जनता की समस्याओं को दूर करना मेरी पहली प्राथमिकता

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड़ ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना और जनता की समस्याओं को दूर करने के साथ ही बेहतर पुलिस सेवा देने की मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी तथा नशे के कारोबार पर लगाम लगाई जाएगी। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने शनिवार को गंगधार थाने का दौरा किया , यहां पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया,थाना परिसर में आयोजित सीएलजी व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक में कहा बेहतर पुलिस सेवा दी जाएगी अपराधियों, नशे के कारोबार करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी साथ ही नशे के कारोबारियों को संरक्षण सहयोग करने वालो के खिलाफ भी कार्यवाही होगी,आम लोगों को भय मुक्त वातावरण देने का प्रयास किया जाएगा साथ ही उन्होंने क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बनाने के लिए पुलिस के साथ कदम से कदम मिलाने सभी को आपसी प्रेम भाईचारे से रहने की अपील की गई । बैठक में व्यापार संघ ने चौमहला कस्बे में ट्रैफिक गार्ड लगाने की मांग की है। बैठक का संचालन कुमोद शर्मा प्रधानाध्यपक ने किया। पुलिस अधीक्षक के प्रथम बार आवागमन पर भाजपा मंडल, कांग्रेस कमेटी, व्यापार संघ, ग्राम पंचायत चौमहला, गंगधार, अंजुमन कमेटी गंगधार, चौमहला, शिव मंडल,जैन सोशल ग्रुप,प्रयास ग्रुप द्वारा साफा बांधकर शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

## नैनवां-हिण्डोली विधान सभा में बढ़ने लगा कांवड़ यात्रा का क्रेज

### बंसोली से पूर्व मंत्री चांदना के सानिध्य में शुरू हुई कांवड़ यात्रा

बढ़ता राजस्थान

### नैनवां व बांसी में आज होगी विशाल कांवड़ यात्रा का आगाज



**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** नैनवां-हिण्डोली विधान सभा में शिव भक्तो द्वारा अपने अराध्य भोले बाबा को प्रसन्न किया जाने को लेकर कांवड़ यात्रा की परम्परा तेजी से रफ्तार पकड़ रही है। कुछ वर्षो से कांवड़ यात्रा राजनैतिक लोगो के लिए भी रास आ रही है। पूर्व खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना ने नैनवां-हिण्डोली विधान सभा में कांवड़ यात्रा निकाले जाने की नई परम्परा की शुरूआत की गई थी। इस वर्ष भी पूर्व खेल मंत्री अशोक चांदना के नेतृत्व में एक विशाल कांवड़ यात्रा बंसोली महादेव मंदिर से शुरू हुई जो दो दर्जन करीब गांवो की सीमा से होते हुए 4 अगस्त को रामेश्वर महादेव मंदिर पर पहुँचेगी।

**नैनवां में कांवड़ यात्रा आज**-रविवार को अखंड भारत संकल्प सभा एवं षष्ठम कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। सीताराम खानपुरा मीडिया प्रभारी कांवड़ यात्रा ने बताया कि अखंड भारत संकल्प सभा प्रात: 10 बजे नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में आयोजित होगी। जिसमें महामंडलेश्वर सीताराम दास बाबा धर्मोपदेश देंगे।

तत्पश्चात कावड़ यात्रा प्रारंभ होगी जो भगत सिंह सर्किल,देई पोल चुंगीनाका, अंबेडकर सर्किल, होली खूट होती हुई पालेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। जहां देश की धार्मिक महत्व की 21 नदियों के जल से पालेश्वर महादेव का जलाभिषेक महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ संपन्न होगी। कावड़ यात्रा संयोजक महावीर योगी, सह संयोजक सोजी लाल नागर, महावीर सैन, कोषाध्यक्ष उत्तम पांचाल, महेश गौड़, सुभाष साहू, ग्रामीण संपर्क प्रमुख मुकेश कुमार, छोटू लाल नागर, राजा सैनी, संतोष नागर, दिलीप, कालू मीणा, महेंद्र वर्मा, राकेश सहित कार्यकर्ता व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। बांसी से रामेश्वर महादवे पहुँचेगी कांवड़ यात्रा- बांसी के सरपंच सत्यप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में रविवार को रामगंज गांव में स्थित बोरेडेश्रवर महादेव से सवेरे 8 बजे कांवड़ यात्रा का आरंभ होगा जो कल्याणपुरा, कालानला, विषधारी, कालपुरिया, डाबेटा, दरा का नयागांव, बोरदा रोड़, सियाणा रोड़ से होते हुए रामेश्वर महादेव मंदिर पहुँची जहां भोले बाबा को अभिषेक के बाद भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। एकजुटता के साथ बढ़ता है,आपसी प्रेम- कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं है। इस कांवड़ यात्रा में कांवड़िए मिलकर भजन-कीर्तन, मंत्र और भोले नाथ का जयकारा लगाते हैं। जो माहौल को सकारात्मक और शुद्ध बनाते है।

भोले के शिव भक्तो की माने तो कांवड़ यात्रा में शामिल होकर भगवान शिव को जल अर्पित करने से कई तरह के पितृ दोष और कुल दोषों से छुटकारा मिलता है।. इससे घर में सुख और शांति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। इसके साथ ही संतान पक्ष और आर्थिक समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। परिवार संग कांवड़ यात्रा निकालने से घर के बच्चों पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। बच्चे धर्म के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित होते हैं।

यह केवल भौतिक यात्रा न होकर धार्मिक यात्रा भी बन जाती है। श्रावण मास में निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा कई लाभों का प्रतीक होती है। जहां हर कदम पर आत्मशुद्धि, संयम और भक्ति का भाव होता है. । यात्रा के दौरान आने वाली चुनौतियों का मिलकर सामना किया जाता है. इससे पारिवारिक रिश्ते मजबूत होते हैं।



समय बहाकर ले जाता है, नाम और निशां
कोई 'हम' में रह जाता है, तो कोई 'अहम' में

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# युवा संसद में पीओके छीनने की वकालत की, स्टूडेंट बोली- दिल हारे तो जीत खोखली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान विधानसभा में हुई युवा संसद में देशभर से आए स्टूडेंट ने आतंकवाद, पीओके सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। कश्मीर की स्टूडेंट हदीका ने पीओके लेने की बात कही, तो भिवाड़ी की स्टूडेंट जासमीन ने कहा- पीओके ले लीजिए, लेकिन कश्मीरी लोगों का दिल हार गए तो जीत खोखली है। जयपुर के छात्र प्रणय गुप्ता ने कहा कि आतंकियों से बात नहीं होती, सीधा हिसाब होता है।

ग्वालियर की स्टूडेंट दीवा शर्मा ने पहलगाम सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। वहीं, उद्घाटन समारोह में स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा कि- विज्ञान में भी हमारा देश महान है। स्पीकर ने महाभारत ग्रंथ संजय-धृतराष्ट्र के प्रसंग को उसे जमाने का टीवी बताया।

## सबसे पहले पढ़िए- देवनानी ने महाभारत और विज्ञान पर क्या कहा...

हम कहते हैं टीवी का आविष्कार किसने किया तो अमेरिका या इंग्लैंड का नाम आता है। लेकिन महाभारत में संजय ने मीलों दूर बैठकर आंखों दिखाया था या नहीं वो वो क्या था? रामचरित मानस में पुष्पक विमान का जिक्र है। सर्जरी रूप में गणेजी के सूंड लगाई। हमें इन पर विचार करना होगा। अंधे होकर फॉलो नहीं करेंगे, लेकिन तर्क के आधार पर चीजों को युगानुकूल बनाएं।

## देशभर से आए स्टूडेंट क्या बोले...

1. **हदीका (कश्मीर):** पीओके को पाकिस्तान से वापस लेने का वक्त आ गया है। पीओके भारत का अभिन्न हिस्सा है। पीओके जिसे पाकिस्तान आजाद कश्मीर कहता है, वहां नागरिकों को आवाज उठाने की अनुमति नहीं है, उन्हें कुचला जा रहा है। बहस के बाद पीओके को पाकिस्तान से वापस लेने के लिए सभी कदम उठाए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ।
2. **दिवा शर्मा (ग्वालियर):** अगर पहलगाम में सुरक्षाकर्मी होते तो किसी ने अपना पति खोया तो किसी ने बेटा और भाई, यह नहीं खोते। सबसे सेंसेटिव जोन में सुरक्षाकर्मी क्यों नहीं थे, इसका कौन जिम्मेदार?
3. **ध्रुव जैन (जोधपुर):** पिछले 27 साल में 41 हजार से ज्यादा मौतें कश्मीरी क्षेत्र में हुई हैं, इसके बावजूद पूरी दुनिया हमें कहती है कि भारत संयम रखे।

## युवा संसद में सर्वसम्मति से पारित हुआ पीओके को वापस लेने का प्रस्ताव

विधानसभा में चल रही युवा संसद में बहस के बाद पीओके को पाकिस्तान से वापस लेने के लिए सभी कदम उठाए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। किसी ने भी प्रस्ताव के खिलाफ वोट नहीं किया।



## जहां देश में अपनी आवाज नहीं सुनाई देती वहां दूसरों की बंदूकें कैसे चुप कराएंगे?

- मुझे पीओके चाहिए, लेकिन इससे पहले कश्मीरियों की हिफाजत और सलामती चाहिए।
- पाकिस्तान को रोटियों के लिए कर्ज नहीं मिलना चाहिए
- मुंबई के छात्र तन्य भवेन पारीख ने कहा- पाकिस्तान और उनके साथी देशों का बहिष्कार करना होगा।
- जो देश बारूद पर पैसे खर्च करता है उसे रोटियों के लिए कर्ज नहीं मिलना चाहिए।
- पाकिस्तान जो आतंक के दम पर दिखाता है उसे चुप करना बहुत जरूरी है।

# सांसद अमराराम और 2 पूर्व एमएलए समेत 20 बरी

**सीकर।** सीकर कलेक्ट्रेट के सामने रोड जाम कर धरना-प्रदर्शन करने वाले 20 आरोपियों को कोर्ट ने बरी कर दिया। एसएफआई स्टूडेंट पर लाठीचार्ज के विरोध में मौजूदा सांसद अमराराम, पूर्व भादरा विधायक बलवान पूनिया समेत सैकड़ों लोगों ने दो दिन तक सड़क पर जाम लगाया था, इसको लेकर आज दोपहर एडीजे कोर्ट-1 ने फैसला सुनाया है।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# अमेरिका ने 7 महीने में 1700 भारतीय निकाले

### इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं; विदेश राज्य मंत्री बोले- बीते 5 साल में 5541 डिपोर्ट किए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका ने साल 2025 में शुरुआती 7 महीने में अबतक 1703 भारतीय नागरिकों को भारत डिपार्ट किया है। इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं शामिल हैं। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में लिखित उत्तर में ये जानकारी दी। उनका जवाब डीएमके सांसद कनिमोझी ने विदेश मंत्रालय के सवाल पर आया, जिसमें पूछा गया था- क्या सरकार जनवरी 2025 से अमेरिका से डिपोर्ट किए भारतीय नागरिकों का डेटा रखती है? सिंह ने कहा- बीत 5 साल (2020 से 2024) के बीच अमेरिका से कुल 5541 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। इसी अवधि में ब्रिटेन से 311 भारतीयों को वापस भेजा गया है। यहां से 2025 में अबतक 131 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि डिपोर्ट की वास्तविक संख्या में अंतर आ सकता है, क्योंकि कुछ मामलों में भारतीय नागरिकों के पास वैध यात्रा दस्तावेज होते हैं, फिर भी ब्रिटेन सरकार उन्हें सीधे डिपोर्ट कर देती है।



# खट्टर बोले-राहुल चुनाव धांधली के सबूत चुनाव आयोग को दे

### 1992 से गुरुग्राम में जलभराव की स्थिति, बिना प्लानिंग के विकास होता रहा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में शनिवार को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने राहुल गांधी के चुनावों में धांधली के आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को चुनाव में धांधली के प्रमाण चुनाव आयोग को देने चाहिए। खट्टर ने कहा कि 2024 ही नहीं बल्कि 2019 में भी राहुल गांधी यही बात बोल रहे थे और 2029 चुनाव को लेकर भी वह यही बोलेंगे। उन्होंने बिहार में वोटर लिस्ट तैयार होने का जिक्र करते हुए कहा कि बाहरी और अवैध वोटरों को लिस्ट से बाहर निकालने का काम किया गया है। इससे विपक्ष को दिक्कत हो रही हैं क्योंकि अवैध वोटर के दम पर ही विपक्ष की खिचड़ी पकती थी।


SANGAM UNIVERSITY where Aspiration meets Opportunity

ACCREDITED BY NAAC

## संगम यूनिवर्सिटी, भीलवाड़ा

www.sangamuniversity.ac.in

Promoted by Sangam Group Bhilwara

## रिक्त सीटों पर प्रवेश जारी 2025-26

**ENGINEERING**
B.Tech
Computer Science | Mechanical | Mechatronics | Civil | Mining | AI & Data Science | Electrical.
10 वीं के बाद क्या करें...
पॉलिटेक्निक डिप्लोमा एक स्मार्ट विकल्प!
योग्यता 10 वीं पास | उपलब्ध शाखाएं | अवधि 3 वर्ष
मैकेनिकल माईनिंग कम्प्यूटर इलेक्ट्रिकल सिविल टेक्सटाइल
M.Tech | BCA | MCA | PGDCA

**APPLIED SCIENCE**
B.Sc. PCM / CBZ
M.Sc. केमिस्ट्री | फिजिक्स | मैथमेटिक्स | जूलॉजी | बॉटनी | जीयोइन्फोर्मेटिक्स
PG Diploma in Remote Sensing and GIS

**AGRICULTURE**
B.Sc. (Agri.) Hons. (JET ENTRANCE TEST)
M.Sc. Agronomy

**PHARMACY**
Approved by Pharmacy Council of India
B.Pharma | D.Pharma

**LEGAL STUDIES**
Approved by BAR Council of India
BA LLB | LLB | LLM

**MANAGEMENT**
B.Com | M.Com
BBA | MBA
MBA EXECUTIVE

**LIBRARY SCIENCE**
D.Lib | B.Lib | M.Lib

**VOCATIONAL STUDIES**
B. Voc. | Graphic & Interior

**HEALTH SCIENCE**
BPT (फिजियोथेरेपी)
GNM
B.Sc Nursing

**EDUCATION**
Diploma | PG Diploma
MA: Education Technology
MA: Education

**ARTS & HUMANITIES**
BA | MA | MSW

**RESEARCH**
Ph.D

SCHOLARSHIP AVAILABLE UPTO 100%
MERIT | CUET
GIRLS | NEEDY
SPORTS | ALUMNI
Scan for Visit University

**स्कॉलरशीप**
- आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों को संगम युनिवर्सिटी के नियमानुसार छात्रवृति
- एस.सी., एस.टी., एस.बी.सी., ओ.बी.सी., माइनॉरिटी वर्ग के विद्यार्थियों को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से नियमानुसार छात्रवृति
- बालिकाओं के लिए विशेष छात्रवृति

NAAC Accredited | 6000+ Alumni World Wide | ₹14 LPA Highest Package
100% Placement Assistance | 5000+ Students Enrolled | NCC | NSS RANGE ROVER





**संस्थान की विशेषताएं**
- ट्रेनिंग व प्लेसमेन्ट मे सहयोग
- प्रेक्टिकल आधारित शिक्षा
- आधुनिक प्रयोगशालाएँ
- पुस्तकॉलय व ई-पुस्तकॉलय सुविधा
- हाई स्पीड इंटरनेट, स्मार्ट क्लासेस

Note : B.Sc. Agriculture JET परीक्षा देने वाले छात्र काउंसलिंग के लिए संपर्क करें :- 7891050004

प्रवेश कार्यालय | ADMISSION OPEN 2025-26 | प्रवेश कार्यालय

- **यूनिवर्सिटी ऑफिस** +91 78910 50000 NH-79, Bhilwara Chittor Bypass Bhilwara (Raj.)
- **सिटी आफिस भीलवाड़ा-1** +91 7891050004 Gol Pyau Chouraha, Bhilwara
- **सिटी आफिस भीलवाड़ा -2** +91 90010 97344 1st Floor, Above ICICI Bank, S.K. Plaza, Pur Road, Bhilwara (Raj.)
- **आंसीद सिटी आफिस** +91 90010 97343 Chungi Naka, HDFC Bank, Near Student Library, Asind (Raj.)
- **प्रतापगढ़ सिटी आफिस** +91 9352535522 Near Govt. PG College Pratapgarh
- **चित्तौड़गढ़ सिटी आफिस** +91 90010 97348 Arjun plaza, A-13/2 Bapu Nagar Senthi, Near HDFC bank, Chittorgarh (Raj.)
- **गंगापुर सिटी आफिस** +91 9799633517 Shop No. 4, Matehswari Complex, Opp. Bus Stand, Gangapur


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार